Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 321 | सोमवार, 24 नवंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## राजनाथ सिंह ने कर दिया खुलासा

# 'बहुत जल्द बदलेंगी सीमाएं, भारत को वापस मिलेगा सिंध'

**नई दिल्ली।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज भले ही सिंध भारत का हिस्सा नहीं है, लेकिन सीमाएं कभी भी बदल सकती हैं और हो सकता है कि सिंध फिर भारत में लौट आए। एक कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने सिंध के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को याद किया। बता दें, सिंध क्षेत्र 1947 के बंटवारे के बाद पाकिस्तान में चला गया था। वहां रहने वाले ज्यादातर सिंधी हिंदू भारत आ गए। राजनाथ सिंह ने कहा कि एलके आडवाणी ने अपनी किताब में लिखा है कि उनकी पीढ़ी के सिंधी आज भी सिंध के भारत से अलग होने को स्वीकार नहीं कर पाए हैं। उन्होंने बताया कि भारत के हिंदुओं के लिए सिंधु नदी हमेशा पवित्र रही है और सिंध के कई मुसलमान भी इसकी पवित्रता को आब-ए-जमजम जितना पवित्र मानते थे। राजनाथ सिंह ने कहा, ₹आज सिंध भूगोल से भले ही भारत में नहीं है, लेकिन सभ्यता और संस्कृति से वह हमेशा भारत का हिस्सा रहेगा।₹ उन्होंने आगे कहा कि सीमाएं बदल सकती हैं और कौन जानता है कल सिंध वापस भारत आ जाए। रक्षा मंत्री ने मोरक्को में भारतीय समुदाय से बातचीत में कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर भारत को बिना किसी आक्रामक कदम के मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि में लोग खुद आवाजें उठाने लगे हैं और 'आजादी' की मांग कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद उठी बहस ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कुछ विशेषज्ञों ने कहा था कि भारत को आगे बढ़कर हिस्सा वापस लेना चाहिए। इसी संदर्भ में राजनाथ सिंह ने कहा कि हालात खुद इस दिशा में बदल रहे हैं।

**'सभ्यता से सिंध हमेशा भारत का हिस्सा'**



## दुश्मन पनडुब्बियों का काल बनेगा ये युद्धपोत, नौसेना में आज शामिल होगा स्वदेशी तकनीक से बना 'माहे'

**नई दिल्ली।**

देश की रक्षा की तैयारियों के मामले में नौसेना आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से एक और कदम बढ़ाने जा रही है।

80 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री से तैयार पनडुब्बियों के दुश्मन युद्धपोत 'माहे' को सोमवार को नौसेना में शामिल किया जाएगा। माहे श्रेणी का ये पहला अत्याधुनिक युद्धपोत है, जो नौसेना में शामिल होने जा रहा है। ऐसे आठ युद्धपोत और तैयार करने की योजना है। माहे श्रेणी के 'एंटी सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट' की कमीशनिंग समारोह मुंबई स्थित नेवल डाकयार्ड में आयोजित होगा, जिसकी मेजबानी वेस्टर्न नेवल कमांड के फ्लैग अफसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन करेंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता थल सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी करेंगे। 'माहे' का शामिल होना स्वदेशी उथले पानी के युद्धपोतों की नई पीढ़ी की शुरूआत माना जा रहा है, जो तेज, फुतीर्ले और तकनीकी रूप से उन्नत माने जाते हैं। जहाज में 80 फीसदी से अधिक स्वदेशी घटकों का उपयोग किया गया है।



## रेलवे बोर्ड ने कैटरिंग नीति में किया बदलाव, अब एयरपोर्ट की तरह स्टेशनों पर मिलेंगे नामी ब्रांड्स के फूड आइटम्स

**नई दिल्ली।** रेलवे बोर्ड ने कैटरिंग नीति में बदलाव किया है, जिससे अब स्टेशनों पर एयरपोर्ट की तरह नामी ब्रांड्स के फूड आइटम्स मिलेंगे। इस नई नीति के तहत स्टेशनों पर फूड प्लाजा और फूड कोर्ट स्थापित किए जाएंगे, जहाँ राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड्स के फूड आइटम्स उपलब्ध होंगे। इसका उद्देश्य यात्रियों को उच्च गुणवत्ता वाले और विविध प्रकार के खाद्य विकल्प प्रदान करना है, जिससे यात्रा के दौरान बेहतर भोजन मिल सके।

## कश्मीर में शून्य के नीचे पहुंचा तापमान

**नई दिल्ली।**

उत्तर भारत में ठंड का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। जहां एक और पहाड़ी राज्यों में पारा शून्य से नीचे जा पहुंचा है, तो दूसरी ओर मैदानी इलाकों में भी तापमान लगातार कम हो रहा है और ठिठुरन बढ़ रही है। मौसम विभाग ने ठंड के सितम के बीच देश के छह राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। दरअसल, जहां एक और देश में ठंड का प्रकोप जारी है, तो दूसरी तरफ दक्षिण भारत में लगातार बारिश ने लोगों का जनजीवन पूरी तरीके से प्रभावित किया है। मौसम विभाग ने बताया कि उत्तर भारत में आने वाले एक से दो दिनों में शीतलहर का प्रकोप देखने को मिल सकता है। आइए आपको बताते हैं दिल्ली से यूपी तक और जम्मू से उत्तराखंड तक कैसा रहेगा मौसम?



दिल्ली में तापमान में आएगी गिरावट

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार को तापमान में गिरावट देखने को मिल सकती है। आईएमडी के अनुसार, दिल्ली में आज न्यूनतम तापमान गिरकर 10 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। वहीं, अधिकमत तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। सुबह और शाम के समय 20 से 25 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। हलांकि, इससे भी प्रदूषण से राहत मिलने की संभावना नहीं है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, यूपी में भी तापमान में कमी दर्ज की जाएगी। जानकारी के अनुसार, आगरा, कानपुर, गोरखपुर, प्रयागराज, वाराणसी और अलीगढ़ समेत कई जिलों में 24 नवंबर को तापमान तेजी से लुढ़केगा।

## 44 दिनों में 500 बार टूटा गाजा युद्धविराम!



**नई दिल्ली।**

शनिवार को इस्राइल ने गाजा के कई इलाकों पर हवाई हमले किए, जिनमें बच्चों सहित 24 फलस्तीनी मारे गए। इस्राइल ने दावा किया कि यह हमला उस समय किया गया जब एक हमास लड़ाके ने तथाकथित येलो लाइन के भीतर इस्राइली सैनिकों को निशाना बनाया। अमेरिका की मध्यस्थता में लागू किए गए गाजा युद्धविराम को इस्राइल ने पिछले 44 दिनों में लगभग 500 बार तोड़ा है, जिसमें सैकड़ों फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो चुकी है। यह दावा गाजा सरकार के मीडिया ऑफिस ने किया है, जिसकी रिपोर्ट अल जजीरा ने प्रकाशित की। जारी बयान के मुताबिक, 342 फलस्तीनी नागरिक युद्धविराम उल्लंघनों में मारे गए, जिनमें बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग सबसे अधिक प्रभावित रहे। सिर्फ शनिवार को ही इस्राइल की ओर से 27 उल्लंघन दर्ज किए गए, जिनमें 24 लोगों की मौत और 87 से ज्यादा लोग घायल हुए। गाजा मीडिया ऑफिस ने इस्राइल की कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून और युद्धविराम समझौते का खुला उल्लंघन है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के जीरो ग्रैटिट्यूड तंज के बाद नरम पड़े जेलेंस्की



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ह्यजीरो ग्रैटिट्यूड तंज के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने नरमी दिखाते हुए अमेरिका का आभार जताया। जेनेवा में रविवार को अमेरिका, यूक्रेन, फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी के सुरक्षा सलाहकारों ने इस ड्राफ्ट पर चर्चा की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जीरो ग्रैटिट्यूड वाले तंज के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने अपने रुख में नरमी दिखाई है। जेलेंस्की ने अमेरिका और राष्ट्रपति ट्रंप के प्रयासों का सार्वजनिक रूप से आभार जताया, जिससे दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव में थोड़ी नरमी के संकेत मिले हैं। रविवार को ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर जेलेंस्की पर सीधा हमला बोला था। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि यूक्रेनी नेतृत्व ने युद्ध रोकने में अमेरिका द्वारा किए गए प्रयासों के लिए जरा भी शुक्रिया नहीं कहा। ट्रंप ने कहा मुझे ऐसा युद्ध विरासत में मिला, जो होना ही नहीं चाहिए था। यूक्रेन लीडरशिप हमारे प्रयासों पर जरा भी आभार नहीं जताती और यूरोप लगातार रूस से तेल खरीद रहा है। उन्होंने बाइडन प्रशासन पर भी निशाना साधते हुए कहा कि अमेरिका नाटो के जरिए हथियार बेचकर मदद कर रहा है।

## भारत का दिखा दबदबा

# अमेरिकी विरोध व विवादों के बीच जी-20 सम्मेलन समाप्त

**नई दिल्ली।**

दक्षिण अफ्रीका में पहली बार आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन रविवार को विवादों के बीच सम्पन्न हो गया। अमेरिका के बहिष्कार के कारण दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने समापन समारोह के मौके पर किसी अमेरिकी अधिकारी को गवेल (अध्यक्षता का प्रतीक हथौड़ा) नहीं सौंपा। दक्षिण अफ्रीका में पहली बार आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन रविवार को विवादों के बीच सम्पन्न हो गया। अमेरिका के बहिष्कार के कारण दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने समापन समारोह के मौके पर किसी अमेरिकी अधिकारी को गवेल (अध्यक्षता का प्रतीक हथौड़ा) नहीं सौंपा। बहरहाल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी, समूह के सदस्य देशों के नेताओं के साथ उनकी मुलाकात से लेकर सम्मेलन के एजेंडे तक में भारत का दबदबा पूरी तरह नजर आया। भारत वैश्विक दक्षिण की एक प्रमुख आवाज बनकर उभरा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दक्षिण अफ्रीका पर नस्लभेद का आरोप लगाते हुए सम्मेलन का बहिष्कार कर दिया था। वह सम्मेलन में शिरकत करने नहीं पहुंचे और जलवायु वित्त जैसे कई अहम मुद्दों पर अड़ंगा लगाकर घोषणापत्र जारी होने से रोकने की कोशिश भी की। लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने सम्मेलन के शुरूआत में ही घोषणापत्र को सर्वसम्मति से पारित कराकर साफ कर दिया कि वह अमेरिका गैर-मौजूदगी से प्रभावित होने वाला नहीं है। यह सम्मेलन इस मामले में भी ऐतिहासिक रहा कि पहली बार किसी को अध्यक्षता का प्रतीक हथौड़ा (गैवल) नहीं सौंपा गया। सम्मेलन के समापन से पहले ही दक्षिण अफ्रीकी विदेश मंत्री रोनाल्ड लामोला ने साफ कर दिया कि कोई औपचारिक हैंडओवर सेरेमनी नहीं होगी।




## प्रदूषण के खिलाफ विरोध में इंडिया गेट पर लगे मारे गये नक्सली हिडमा के नारे, कई प्रदर्शनकारी हिरासत में

**नई दिल्ली।**

इंडिया गेट पर युवा प्रदर्शनकारी अपने साथ हिडमा के नाम लिखी तख्तियां और पोस्टर लेकर आये थे। प्रदर्शनकारी व्यवस्था से नाराज थे और उसे बदलने की आवाज उठा रहे थे। दिल्ली में इंडिया गेट पर उस समय हालात असामान्य हो गये जब वायु गुणवत्ता में गिरावट के लिए किया गया विरोध-प्रदर्शन मारे गये नक्सली कमांडर 'हिडमा अमर रहे' के नारों से गूंज उठा। इंडिया गेट पर युवा प्रदर्शनकारी अपने साथ हिडमा के नाम लिखी तख्तियां और पोस्टर लेकर आये थे। प्रदर्शनकारी व्यवस्था से नाराज थे और उसे बदलने की आवाज उठा रहे थे। मगर आरोप है कि प्रदर्शनकारियों ने पुलिस टीम पर पैपर स्प्रे कर दिया, जिससे तीन से चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। सभी का राम मनोहर लोहिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने पुलिसकर्मियों पर हमला करने वालों पर कानूनी कार्रवाई करने की बात कही है। पुलिस ने 15 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया। पुलिस के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब 4.30 बजे कुछ प्रदर्शनकारी इंडिया गेट के सी-हेक्सागन जमा हुए। वह वायु गुणवत्ता में लगातार हो रही गिरावट को लेकर विरोध जता रहे थे।



## एसआईआर के डर से बांग्लादेशी प्रवासियों में भगदड़

**नई दिल्ली।**

पश्चिम बंगाल के कई जिलों में अचानक स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति में कमी आ गई है। आलम यह है कि एसआईआर के डर से बांग्लादेशी प्रवासियों में भगदड़ मच गई। दो हफ्तों में करीब 26,000 लोग गायब हो चुके हैं। पश्चिम बंगाल-बांग्लादेश सीमा पर इन दिनों असामान्य हलचल है। एनआरसी और नागरिकता सत्यापन प्रक्रियाओं के बाद अब एसआईआर की संभावित कार्रवाई की चर्चा के बीच बड़ी संख्या में बांग्लादेशी अवैध प्रवासी राज्य छोड़कर वापस बांग्लादेश की ओर लौट रहे हैं। सीमा सुरक्षा बल और स्थानीय पुलिस के अनुसार पिछले दो सप्ताह में हजारों लोग सीमा पार कर चुके हैं, जबकि कई गांवों में घर और झुग्गियां लगभग खाली हो गई हैं। हकीमपुर पोस्ट, चपईनवाबगंज, मालदा, मूर्शिदाबाद, उत्तर 24 परगना और दक्षिण 24 परगना के सीमा क्षेत्रों में सबसे अधिक गतिविधि देखी गई है। बीएसएफ अधिकारियों के अनुसार केवल मालदा सेक्टर में ही लगभग 8,000 से 9,000 लोगों के सीमा पार करने का अनुमान है। स्थानीय प्रशासन का कहना है कि कुल मिलाकर 26,000 के आसपास लोग पिछले दो हफ्तों में पश्चिम बंगाल से गायब हुए हैं, जिनमें से अधिकांश बांग्लादेश में प्रवेश कर चुके हैं। एक बीएसएफ अधिकारी ने बताया कि न कोई औपचारिक डिपोर्टेशन आदेश जारी हुआ है और न ही बड़े पैमाने पर पुलिस की कार्रवाई। लेकिन एसआईआर की चर्चा फैलते ही ये प्रवासी खुद ही सीमा पार कर रहे हैं।

**दो हफ्तों में करीब 26,000 लोग हो गए गायब**



## संपादक की कलम से

# इंडिया अस्तित्व में या नहीं ?

बिहार में करारी पराजय के बाद विपक्ष एक बार फिर विभाजित होता लग रहा है। इंडिया ब्लॉक अथवा महागठबंधन कभी अस्तित्व में थे अथवा नहीं, यह भी स्पष्ट नहीं है, क्योंकि उनके घटक दल एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ते रहे हैं। बिहार इसका ताजातरीन उदाहरण है। अब दो विरोधाभासी बयान सामने आए हैं। एक तो इंडिया गठबंधन को लेकर है कि अब उसकी कोई जरूरत नहीं है,



ललित शर्मा
संपादक

लिहाजा कांग्रेस ने राजद और सपा से अलग होने की घोषणा की है। जिन सूत्रों से यह खबर सार्वजनिक हुई, उनका दावा है कि यह खुद गांधी परिवार का निर्णय है। लेकिन कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इस निर्णय का खंडन किया है। अलबत्ता यह घोषणा जरूर की गई है कि पश्चिम बंगाल, असम के चुनाव में कांग्रेस एकला ही लड़ेगी। केरल में न तो इंडिया था और न ही गठबंधन संभव है, क्योंकि वहां कांग्रेस प्रमुख विपक्षी दल है और 10 साल से सत्ता के बाहर है। वाममोर्चा सरकार में है। तमिलनाडु में भी चुनाव 2026 के अप्रैल-मई में होने हैं। अभी तक द्रमुक सरकार के सहारे कांग्रेस सत्ता में भागीदार है। नए समीकरणों की फिलहाल कोई घोषणा नहीं है। कांग्रेस बीते 58 साल से तमिलनाडु में अपना मुख्यमंत्री निर्वाचित नहीं करा पाई है। बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस आधी-अधूरी ही इंडिया गठबंधन में है। वह इस गठबंधन के घटक होने का दावा तो करती रही है, लेकिन कांग्रेस सरीखे प्रमुख घटक दल के साथ गठबंधन नहीं करती। दोनों संसदीय और विधानसभा चुनाव अलग-अलग लड़ते हैं। इस बार भी गठबंधन के कोई आसार नहीं हैं, क्योंकि अब कांग्रेस एकला ही अपनी राजनीतिक लड़ाई लड ? के मूड में है या उसकी राजनीतिक बाध्यता है। सवाल है कि जब ऐसी स्थिति है, तो बिहार की पराजय के बाद ममता बनर्जी के चंपुओं ने यह शोर मचाना क्यों शुरू किया कि ममता को इंडिया गठबंधन का नेतृत्व सौंपना चाहिए। एक और आवाज उप्र से गूंजने लगी है कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को इंडिया ब्लॉक का प्रमुख चुनना चाहिए। उप्र में 2027 में विधानसभा चुनाव हैं। लोकसभा में भाजपा के 240 और कांग्रेस के 99 सांसदों के बाद सपा 37 सांसदों वाली तीसरी बड़ी पार्टी है। उप्र में 1989 और बंगाल में 1977 के बाद कांग्रेस सत्ता में नहीं है, लेकिन इंडिया गठबंधन का आकलन किया जाए, तो कांग्रेस के बिना विपक्षी गठबंधन के अस्तित्व की कल्पना ही नहीं की जा सकती। कांग्रेस बनाम सपा, तृणमूल, द्रमुक के दरमियान, निर्वाचित जन-प्रतिनिधियों के आधार पर, फासले बेहद व्यापक हैं। यदि इंडिया के अस्तित्व को बरकरार रखना है, तो कांग्रेस के नेतृत्व को नकारना असंभव है। फिर वह नेतृत्व मल्लिकार्जुन खडगे का हो अथवा राहुल गांधी का हो! दरअसल कांग्रेस ही इंडिया गठबंधन की बुनियाद है। उसकी अपनी तीन राज्य सरकारें हैं और 650 से अधिक विधायक हैं। लोकसभा में कांग्रेस के 99 सांसदों के योगदान से ही विपक्षी गठबंधन के सांसदों की संख्या 234 तक पहुंच पाई है, नतीजतन राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष हैं। भारत में विपक्षी गठबंधन का कोई भी प्रयोग सफल नहीं रहा है। वह टूटने के लिए बनता रहा है। चूंकि गठबंधन बना है, लिहाजा टूटना उसकी नियति है।

## उदय किशोर साह



### अफसाना

कविता

मेरी प्यार की  अमर ये नजराना
प्रेम जगत की होगी नई अफसाना
जिसे पढ़ेगें प्रेम में प्रेमी वो। दीवाना
नैतिकता की होगी जहाँ पे पैमाना

मयार्दा में होगी प्रेम का सदा इजहार
एक दुजे से करेगें सब सच्चा  प्यार
प्रेम में होगी मोहब्बत का  एतबार
बिछुड़ने की मार्ग पे होगी  इनकार

बादलों के बीच बनायेगें नई आशियाना
कलह करार का ना होगी कभी फसाना
इज्जत से देखेगा सारा ये तब  जमाना
प्रेम में होगा सिर्फ हँसना व  हँसाना

ना विरह की होगी कभी कोई भी  बात
प्रेम में ना देखा जायेगा कोई भी  जात
दिल से होगी मोहब्बत की  जज्बात
नई होगीं अपनी हर दिन व हर  रात

कह दो हवा से इधर ना कभी वो आये
मेरे प्रेम पे आँधी को ना कहीं  बुलाये
सागर की ऊँची लहरों पे भी हम इतरायें
चलो एक नई दुनियाँ हम आज  बसायें

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# भारत के श्रम सुधारों का नया अध्याय-29 पुराने कानूनों से 4 आधुनिक श्रम संहिताओं तक- वैश्विक मानकों मजदूर हितों और उद्योग प्रतिस्पर्धा की दिशा में ऐतिहासिक कदम



गोंदिया



वैश्विक स्तरपर भारत में श्रम सुधारों को लेकर दशकों से बहस चलती रही है। 1930- 1950 के बीच बनाए गए श्रम कानूनों ने स्वतंत्र भारत के औद्योगिक विकास और श्रमिक सुरक्षा की बुनियाद रखी,लेकिन समय के साथ उद्योगों कीसंरचना तकनीक, रोजगार पैटर्न और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में व्यापक परिवर्तन आए। आज की अर्थव्यवस्था डिजिटल, वैश्विक और कौशल आधारित है, जहाँ पारंपरिक श्रम ढाँचों के आधार पर श्रम प्रबंधन न तो उद्योगों के लिए लाभकारी है और न ही श्रमिकों के हितों की रक्षा करने में सक्षम। इसी पृष्ठभूमि में भारत सरकार ने 21 नवंबर 2025 से चार नई श्रम संहिताओं-वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020,सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 औरव्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य शर्त संहिता 2020 को लागू करने की घोषणा की। यह निर्णय भारतीय श्रम बाजार के इतिहास में सबसे बड़े संरचनात्मक परिवर्तनों में से एक माना जा रहा है,जो न केवल घरेलू औद्योगिक माहौल बल्कि वैश्विक निवेश पर भी प्रभाव डाल सकता है। बता दे। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र नें जब इस मुद्दे का रिसर्च किया तो मुझे संगठनों और यूनियनों की प्रतिक्रिया में समर्थन और विरोध का टकराव मीडिया के माध्यम से सुनाई दे रहा है,इस सुधार पर प्रतिक्रियाएँ विभाजित हैं।जहाँ 15 प्रमुख व्यापारिक संगठनों ने इन कोडों का स्वागत किया है, उनका कहना है कि यह भारत को वैश्विक विनिर्माण और निवेश का केंद्र बनाने में मदद करेगा।तो वहीं 10 लेबर यूनियनों के संयुक्त मंच ने इस कदम को मजदूर विरोधी बताते हुए कहा है कि इससे मालिक अधिकशक्तिशाली होंगे और श्रमिकों की सौदेबाजी क्षमता घटेगी। भारतीय मजदूर संघ ने इसे सकारात्मक सुधार माना और लंबे समय से प्रतीक्षित बताया।

साथियों बात कर हम औपनिवेशिक युग के श्रम कानूनों से मुक्ति, ऐतिहासिक संदर्भ और सुधार की आवश्यकता को समझने की करें तो, भारत के श्रम कानूनों की नींव ब्रिटिश शासन के दौरान डाली गई थी, जिसका उद्देश्य उस समय की औद्योगिक परिस्थितियों को नियंत्रित करना था। इन कानूनों का मुख्य फोकस श्रमिकों पर नियंत्रण, औद्योगिक उत्पादन की निरंतरता और औपनिवेशिक शासन के हितों की रक्षा रहा, न कि श्रमिक अधिकारों, सामाजिक सुरक्षा या आर्थिक विकास को प्रोत्साहन देना। स्वतंत्रता के बाद इन कानूनों में संशोधन तो हुए, लेकिन संरचनात्मक एकीकरण और सरलीकरण नहीं किया गया। परिणामस्वरूप,भारत में श्रम कानून व्यवस्थाअत्यंत जटिल, उलझी हुई और बहु-स्तरीय हो गई, जिसमें 29 अलग-अलग कानून और सैकड़ों नियम शामिल थे। इससे उद्योगों को अनुपालन की भारी लागत उठानी पड़ती थी, जबकि श्रमिकों को भी अपने अधिकारों को समझना और लागू कराना मुश्किल होता था।विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन और कई आर्थिक संस्थानों ने बार-बार सुझाव दिया कि भारत को श्रम सुधारों की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए ताकि निवेश आकर्षित हो, रोजगार बढ़े और श्रमिक सुरक्षा मजबूत बने। इसी लंबे समय से महसूस की जा रही आवश्यकता को पूरा करने के लिए भारत सरकार ने पुराने कानूनों को समेकित कर चार संहिताओं का सटीक ढाँचा तैयार किया। साथियों बात अगर हम नई श्रम संहिताएँ:संरचना और उनके उद्देश्यों को समझने की करें तो, नई श्रम संहिताओं का मूल उद्देश्य श्रम कानूनों को सरल, एकीकृत और आधुनिक बनाना है, ताकि तेजी से बदलते कार्य वातावरण के अनुरूप भारत का श्रम ढाँचा लचीला और प्रभावी बन सके। इन चार संहिताओं के प्रमुख उद्देश्य हैं-(1)श्रमिकों के अधिकारों और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत बनाना(2)उद्योगों के लिए नियमों को सरल और पारदर्शी बनाना (3) रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करना (4) श्रम बाजार में औपचारिकता बढ़ाना (5) वैश्विक निवेश आकर्षित करना (6) कामकाजी परिस्थितियों में सुधार करना।यह कदम ₹आत्मनिर्भर भारत₹ और ₹मेक इन इंडिया₹ जैसे राष्ट्रीय आर्थिक अभियानों को समर्थन देता है, क्योंकि श्रम सुधारों को अक्सर वैश्विक निवेश और औद्योगिक विकास का महत्वपूर्ण आधार माना जाता है।

साथियों बात अगर हम चार श्रम संहिताओं का विस्तारः प्रत्येक कोड के महत्व को समझने की करें तो (1) वेतन संहिता 2019 --यह संहिता वेतन से संबंधित चार अलग-अलग कानूनों को मिलाकर बनाई गई है। इसका उद्देश्य सभी श्रमिकों को समय पर और समान वेतन सुनिश्चित करना है।न्यूनतम वेतन, ओवरटाइम बोनस और वेतन भुगतान जैसे प्रावधानों को स्पष्ट और सरल बनाया गया है। इससे असंगठित और गिग वर्कर्स सहित अधिक श्रमिकों को न्यूनतम वेतन सुरक्षा के दायरे में लाया जाएगा। (2) औद्योगिक संबंध संहिता 2020-- इसका फोकस श्रमिकों और उद्योगों के बीच सामंजस्य और औद्योगिक शांति बनाए रखना है। इसमें हड़ताल, छंटनी, पुनर्नियोजन और स्थायी श्रमिकों की नियुक्ति से जुड़े प्रावधानों को सरल किया गया है। उद्योगों का तर्क है कि इससे उत्पादन स्थिर रहेगा और निवेशक विश्वास बढ़ेगा, जबकि यूनियनों का आरोप है कि इससे छंटनी आसान हो जाएगी।(3)सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020-- यह संहिता भारत के श्रम इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि यह पहली बार गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाती है। ईपीएफ, ईएसआई, मातृत्व लाभ, बीमा और पेंशन जैसी सुविधाओं को अधिक व्यापक और समावेशी बनाया गया है। (4) व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य शर्त संहिता 2020--इसका उद्देश्य कार्यस्थल पर सुरक्षा, स्वच्छता और उचित कार्य परिस्थितियों को सुनिश्चित करना है। इसमें कार्यस्थल सुरक्षा मानकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुरूप लाया गया है। साथियों बात अगर कर हम 29 कानूनों के स्थान पर चार संहिताएँ : श्रमिकों को क्या लाभ ? इसको समझने की करें तो,नई संहिताओं से श्रमिकों को कई प्रमुख लाभ मिल सकते हैं (1) फिक्स्ड-टर्म स्टाफ को परमानेंट लेवल के फायदे- फिक्स्ड-टर्म वाले कर्मचारी अब परमानेंट वर्कर्स जैसे फायदे पाएंगे, जैसे सोशल सिक्योरिटी, मेडिकल कवर और पेड लीव। ग्रेच्युटी पाने के लिए 5 साल की जगह एक साल का समय ही लगेगा। इससे कॉन्ट्रैक्ट मजदूरों पर ज्यादा निर्भरता कम होगी और डायरेक्ट हायरिंग को बढ़ावा मिलेगा। (2) सभी मजदूरों के लिए मिनिमम वेज और समय पर पेमेंट- हर सेक्टर के मजदूरों को नेशनल फ्लोर रेट से जुड़ी न्यूनतम वेतन मिलेगा, साथ ही समय पर पेमेंट और अन ऑथराइज्ड कटौतियां बंद होंगी।(3) महिलाओं को सभी शिफ्ट्स और जॉब रोल्स में अनुमति- महिलाएं नाइट शिफ्ट्स में और सभी कैटेगरी में उनकी मंजूरी और सेफ्टी मेजर्स के साथ काम कर सकेंगी। जैसे माइनिंग, हैवी मशीनरी और खतरनाक जगहों पर। बराबर पेमेंट जरूरी है और ग्रिवांस पैनल्स में उनकी रिप्रेजेंटेशन जरूरी। (4)बेहतर वर्किंग-आवर रूल्स और ओवरटाइम प्रोटेक्शन-ज्यादातर सेक्टर्स में काम के घंटे 8-12 घंटे प्रति दिन और 48 घंटे प्रति हफ्ते तक रहेंगे, ओवरटाइम के लिए दोगुना वेतन और जरूरी जगहों पर लिखित कंसेंट जरूरी होगा। एक्सपोर्ट्स जैसे सेक्टर्स में 180 वर्किंग डेज के बाद लीव्स एक्यूमुलेट होंगी (5) यूनिवर्सल अपॉइंटमेंट लेटर्स और फॉर्मलाइजेशन पुश- अब सभी नियोक्ताओं (एम्प्लॉयर्स) को हर मजदूर को अपॉइंटमेंट लेटर देना जरूरी होगा।इससे मजदूरों की नौकरी का रिकॉर्ड साफ रहेगा, वेतन में पारदर्शिता रहेगी और उन्हें मिलने वाले लाभों तक पहुंच आसान होगी। इस कदम से आईटी, डॉक, टैक्सटाइल जैसी इंडस्ट्री में काम करने वाले लोगों की नौकरियां अधिक फॉर्मल होंगी और सिस्टम अधिक व्यवस्थित होगा।(6) गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स कोआधिकारिक मान्यताः पहली बार गिग और प्लेटफॉर्म मजदूरों को कानूनी तौर पर परिभाषित किया गया। एग्रीगेटर्स को अपनी कमाई का 1-2 प्रतिशत (पेमेंट्स का 5 प्रतिशत तक कैप्ड) वेलफेयर के लिए देना होगा और आधार से लिंक्ड पोर्टेबल फायदे हर राज्य में मिलेंगे। (7) जोखिम वाली इंडस्ट्रीज में हेल्थ चेकअप्स और सेफ्टी नियम जरूरी- खतरनाक फैक्ट्रियों, प्लांटेशन, कॉन्ट्रैक्ट लेबर और खदानों में काम करने वाले मजदूरों (जो तय संख्या से ज्यादा हैं) के लिए हर साल फ्री हेल्थ चेकअप कराना जरूरी होगा। इसके साथ ही सरकार द्वारा तय किए गए सेफ्टी और हेल्थ स्टैंडर्ड लागू करने होंगे, और बड़े संस्थानों में सेफ्टी कमेटी बनाना भी अनिवार्य होगा, ताकि मजदूरों की सुरक्षा पर लगातार नजर रखी जा सके।(8)उद्योगों में सोशल सिक्योरिटी का नेटवर्क और बड़ा- सोशल सिक्योरिटी कोड की कवरेज पूरे देश में फैल जाएगी, जिसमें एमएसएमई कर्मचारी, खतरनाक जगहों पर एक भी मजदूर, प्लेटफॉर्म वर्कर्स और वो सेक्टर शामिल हैं जो पहले ईएसआई की जरूरी स्कीम से बाहर थे।

# शराब की लुभावनी पैकेजिंग के खतरे एवं सुप्रीम कोर्ट की चिंता



सुप्रीम कोर्ट ने इसीलिए चिंता जताई है कि शराब की बोतलों की पैकिंग ऐसी नहीं होनी चाहिए जो उपभोक्ता को उसकी वास्तविक हानियों से दूर ले जाए। चेतावनियां अक्सर बोतल के किनारे इस तरह लगाई जाती हैं कि वे दिखती ही नहीं। कंपनियां स्वास्थ्य चेतावनियों को ढककर अपने उत्पाद की सुंदरता को आगे करती हैं। हाल ही में देश की शीर्ष अदालत ने शराब की पैकेजिंग को लेकर जो गंभीर टिप्पणी की है, वह केवल कानूनी हस्तक्षेप नहीं बल्कि सामाजिक चेतना को झकझोरने वाली चेतावनी है। अदालत ने स्पष्ट कहा है कि शराब को इस तरह आकर्षक और लुभावना बनाकर प्रस्तुत करना सार्वजनिक स्वास्थ्य के साथ-साथ संस्कृति एवं सामाजिक के साथ खिलवाड़ है। चमकीली बोतलें, विदेशी डिजाइन, चटकदार रंग और ग्लैमरस बॉक्स-ये सब रणनीतियां लोगों को, विशेषकर युवाओं को, महिलाओं को शराब की ओर खींचने का साधन बन चुकी हैं। शराब की यह भ्रामक एवं बाजारवादी पैकेजिंग एक गंभीर एवं नया खतरा है। यह प्रवृत्ति केवल बाजार का विस्तार नहीं बल्कि पूरे समाज के स्वास्थ्य, नैतिकता और मानसिक संतुलन पर गहरा हमला है। जन-स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाली शराब कम्पनियों की दुराग्रही सोच एवं गुमराह करने वाली पैकिंग एक आपराधिक कृत्य है। जूस पैक जैसे दिखने वाले टेट्रा पैक में बेची जा रही शराब अनेक खतरों को आमंत्रण है। आज जब देश शराब की वजह से होने वाली बीमारियों, दुर्घटनाओं, हिंसा, पारिवारिक विघटन और मानसिक अवसाद जैसी समस्याओं से जूझ रहा है, तब शराब को ह्लफैशनेबलह्व बनाकर बेचना एक बहुत बड़ा खतरा बन जाता है। शराब कंपनियों ने पैकेजिंग को आधुनिकता, प्रतिष्ठा और स्टाइल से जोड़ दिया है, जिससे युवा वर्ग इसे किसी उपलब्धि जैसा मानने लगा है। सामाजिक और मनोवैज्ञानिक रूप से यह पैकेजिंग व्यक्ति के मन में यह भ्रम पैदा करती है कि शराब पीना आधुनिकता का प्रतीक है, जबकि वास्तविकता यह है कि शराब हर रूप में शरीर और मन के लिए घातक जहर है। शराब के घातक एवं दुष्प्रभाव किसी से छिपे नहीं हैं। यह धीरे-धीरे शरीर को भीतर से खोखला करते हुए नशे की अंधी गलियों में धकेल देती है। लिवर सिरोसिस, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, कैंसर, मानसिक असंतुलन, अवसाद और नींद की गंभीर समस्याएं शराब सेवन की सीधी देन हैं। सड़क दुर्घटनाओं में मरने वाले हजारों लोग शराब पीकर गाड़ी चलाने के कारण अपनी जान गंवाते हैं। घरेलू हिंसा, अपराध और परिवारों के टूटने में शराब की भूमिका लंबे समय से प्रमाणित है। ऐसे में शराब को आकर्षक पैकेजिंग में परोसना मानो लोगों को स्वेच्छा से विनाश के रास्ते पर भेजने जैसा है। सुप्रीम कोर्ट ने इसीलिए चिंता जताई है कि शराब की बोतलों की पैकिंग ऐसी नहीं होनी चाहिए जो उपभोक्ता को उसकी वास्तविक हानियों से दूर ले जाए। चेतावनियां अक्सर बोतल के किनारे इस तरह लगाई जाती हैं कि वे दिखती ही नहीं। कंपनियां स्वास्थ्य चेतावनियों को ढककर अपने उत्पाद की सुंदरता को आगे करती हैं। यह न केवल अनैतिक है बल्कि स्वास्थ्य संबंधी नीतियों की मूल भावना के भी विरुद्ध है। जब सरकार तंबाकू पर बड़ी और भयावह चेतावनियों को अनिवार्य कर चुकी है, तो शराब जिसका स्वास्थ्य पर प्रभाव कई मामलों में उतना ही विनाशकारी है, उसकी पैकेजिंग पर भी समान कठोर नियम लागू होना चाहिए। समाज में शराब की बढ़ती स्वीकृति का बड़ा कारण यह भी है कि शराब उद्योग ने पैकेजिंग को ही आकर्षक विज्ञापन का माध्यम बना दिया है। जहां शराब विज्ञापन पर कानूनी रोक है, वहां कंपनियां रंगीन बोतलों और खूबसूरत बॉक्सों को ही प्रचार का तरीका बना लेती हैं। यह परोक्ष विज्ञापन है, जो कानून की भावना का उल्लंघन करता है और युवाओं को नशे की ओर ले जाता है। ऐसे में सादे, सरल और सामान्य पैकेजिंग की दिशा में कदम बढ़ाना आवश्यक है, ताकि शराब किसी ह्ललक्जरी उत्पादह्व की तरह न दिखे, बल्कि उसका स्वरूप ही लोगों को चेतावनी देने वाला बने। यह भी चिंताजनक है कि शराब उद्योग का उद्देश्य केवल बिक्री बढ़ाना है, भले ही उससे समाज कितना भी प्रभावित क्यों न हो। वे यह नहीं देखते कि शराब कितने घर बर्बाद कर रही है, कितने लोग बीमार हो रहे हैं और कितनी जिंदगियां संकट में हैं। इस मानसिकता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई बेहद आवश्यक है। शराब की ग्लैमरस पैकेजिंग पर रोक लगाने से न केवल उपभोक्ताओं में जागरूकता बढ़ेगी, बल्कि समाज में नशामुक्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण वातावरण भी बनेगा। सरकारों के लिये राजस्व का बड़ा जरिया शराब है, इसलिये सरकारें भी शराब के खिलाफ खुलकर सामने नहीं आती। सुप्रीम कोर्ट की इस चेतावनी को केवल उद्योगों के लिए ही नहीं, बल्कि सरकार, समाज और परिवारों के लिए भी महत्वपूर्ण संदेश के रूप में देखा जाना चाहिए। शराब किसी भी रूप में स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और उसे आकर्षक बनाकर बेचना मानव जीवन के मूल्य को कम करना है। आज आवश्यकता है कि शराब की पैकेजिंग को नियंत्रित किया जाए, उसे सामान्य और गैर-आकर्षक बनाया जाए, स्पष्ट चेतावनियां लिखी जाएं और शराब को समाज में सम्मानजनक स्थान देने वाली प्रवृत्तियों पर रोक लगे। सरकार को भी स्वस्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए ऐसे कानून बनाने चाहिए जो शराब उद्योग की विपणन चालों को सीमित करें। आज शराब का प्रसार केवल स्वास्थ्य का संकट नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक विघटन का बड़ा कारण बनता जा रहा है। शराब से जुड़े अपराधों और हिंसा की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि हुई है, विशेषकर महिलाओं के प्रति अत्याचार, घरेलू हिंसा, आर्थिक शोषण और मानसिक प्रताड़ना का बड़ा कारक शराब ही बन रही है। अनेक अध्ययन बताते हैं कि महिलाओं के खिलाफ होने वाली लगभग आधी हिंसक घटनाओं में शराब प्रमुख भूमिका निभाती है।

# गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का पुनर्गठन सतनाम सिंह के नेतृत्व में कमेटी का कार्यकाल बढ़ाया ?

वेलकम इंडिया : शर्मा



**नूरपुर।** सरदार सतनाम सिंह के नेतृत्व में पिछले एक दशक से गुरुघर की निष्ठापूर्वक सेवा कर रही गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का कार्यकाल सर्व-संगत की सहमति से दो वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया।गुरुद्वारा साहिब के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम व कमेटी के नए गठन के अवसर पर लिया गया। उपस्थित संगत ने सरदार सतनाम सिंह का फूलमालाओं से अभिनंदन कर उन्हें नई जवाबदेही के लिए शुभकामनाएँ देते हुए पिछले दशक में कमेटी द्वारा किए गए कार्यों की प्रसंशा की। सरदार सतनाम सिंह ने इस अवसर पर कहा कि यह सम्मान पूरे समुदाय के विश्वास का परिणाम है। मैं और हमारी टीम न केवल गुरुद्वारे की व्यवस्थाओं को और अधिक सशक्त बनाएंगे, बल्कि सेवा कार्यों का प्रयास जारी रखेंगे। उन्होंने संगत से सहयोग तथा गुरुद्वारे की पारंपरिक सेवाओं को आगे बढ़ाने का आह्वान भी किया। इस मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के संरक्षक सुरेंद्र सिंह बर्मन, नानक गोविंद सिंह, अमरजीत सिंह सुहाना, सचिव गुरदयाल सिंह, हरभजन सिंह, हरदीप सिंह, कोषाध्यक्ष सतवेन्दर सिंह गुजराल, वरिष्ठ संगत प्रतिनिधि व स्थानीय समाजसेवी उपस्थित रहे, जिन्होंने नए कार्यकाल के लिए अपनी शुभकामनाएँ दीं और आगे सहयोग का आश्वासन दिया। आयोजन के अंत में सर्व-संगत ने समिति की सफलता तथा गुरुद्वारे की उन्नति के लिए सदैव साथ देने का संकल्प दोहराया।

# आभा फाउंडेशन ने समाज सेवा की एक और मिसाल पेश की



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**चांदपुर :** फाउंडेशन द्वारा 30 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मरीजों को अस्पताल तक लाने और वापस घर छोड़ने की पूरी व्यवस्था भी फाउंडेशन ने खुद की। सभी मरीजों का ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। ऑपरेशन के बाद मरीजों ने इलाज की काफी सराहना की। साथ ही अस्पताल में आभा फाउंडेशन द्वारा दी जा रही सुविधाओं जैसे रहने और खाने की व्यवस्था की भी प्रशंसा की। मरीजों ने कहा कि उन्हें पूरे समय अच्छा सहयोग मिला और किसी भी बात की कमी नहीं रही।आभा फाउंडेशन की इस सेवा से जरूरतमंद लोगों को बड़ी राहत मिली है और फाउंडेशन का यह प्रयास समाज में सराहनीय कदम माना जा रहा है।

# राजा चरत सिंह इंटर कॉलेज में मनाया गया वार्षिकोत्सव,छात्रों ने दी मनमोहक प्रस्तुति



वेलकम इंडिया महमूद रजा

जनपद बिजनौर नजीबाबाद राजा चरत सिंह इंटर कॉलेज साहनपुर में वार्षिकोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया जिसमें छात्र छात्राओं ने सरस्वती वंदना के उपरांत स्वागत गीत, राष्ट्रभक्ति गीत, पर्यावरण जागरूकता, मद्य निषेध, नारी सशक्तिकरण, राष्ट्रीय एकता, हास्य व्यंग्य, सोशल मीडिया जागरूकता कार्यक्रमों के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से विभिन्न प्रांतों की झांकियां प्रस्तुत की। बच्चों की शानदार प्रस्तुति ने अभिभावकों व अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में राहिल जहां, अर्शिल, रहमत, साक्षी, कनक, गरिमा, जोया, आदित्य, कृष्णा, जसप्रीत ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट ओमपाल सिंह ने व संचालन अरुण दीक्षित ने किया।प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय निर्धारण पाठ्यक्रम के साथ साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक पाठ्य सहगामी क्रियाकलाप कराने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के अध्यक्ष एडवोकेट ओमपाल सिंह ने कहा कि देहात क्षेत्र के बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति ने बहुत प्रभावित किया है। इस अवसर पर बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्र छात्राओं को शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी, रोशन सिंह, हेमराज राजपूत, पूजा कुमारी, करण सिंह, पूर्व नौसैनिक रविन्द्र काकरान, गौतम कुमार, महेंद्र सिंह, रामबली, दिव्यांजलि, योगाचार्य अरुण राजपूत, लक्ष्मी, धर्मेंद्र कुमार, शाजिया खान, अनिता त्यागी, शिल्पी वर्मा, नसीम अहमद, प्रमोद कुमारी, अक्सा राजपूत, रजनीश सागर, आदि मौजूद रहे।

# आगरा में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावली बृहद पुनरीक्षण की समीक्षा, डुप्लीकेट वोटर्स को चिह्नित करने के निर्देश

वेलकम इंडिया



आगरा डॉ. अखिलेश कुमार मिश्रा, विशेष कार्याधिकारी/ विभागाध्यक्ष राज्य निर्वाचन आयोग उ.प्र. की अध्यक्षता में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावली बृहद पुनरीक्षण के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। विशेष कार्याधिकारी/ विभागाध्यक्ष ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन नामावली तथा त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावली दोनों अलग अलग हैं। आगामी त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन - 2026 हेतु पंचायत निर्वाचक नामावली के शुद्धिकरण कार्य किया जा रहा है, उक्त कार्य राज्य निर्वाचन आयोग की शीर्ष प्राथमिकता है। आगरा में 384620 ₹संभावित डुप्लीकेट वोटर्स₹ का बीएलओ के माध्यम से सत्यापन किया जाना है।जनपद में 1502 बीएलओ, 163 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं जिनके द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावली बृहद पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। बैठक में जिलाधिकारी आगरा अरविंद मल्लप्पा बंगारी , जिलाधिकारी फिरोजाबाद रमेश रंजन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन आगरा आजाद भगत सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व फिरोजाबाद विशु राजा, अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व मथुरा पंकज कुमार, श्रीमती निर्मला फौजदार सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# श्री मद् भागवत कथा को सुनने श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



वेलकम इंडिया महमूद रजा

जनपद बिजनौर नजीबाबाद तहसील क्षेत्र के ग्राम जहानाबाद में श्री मद् भागवत कथा में श्रद्धालुओं ने पर चढ़कर भाग लिया और कथा को सुनने के लिए सैकड़ो श्रद्धालु अलग-अलग जगह से पहुंचे और श्री मद् भागवत का पुण्य लाभ उठाया। श्री मद् भागवत के दौरान राधे-राधे नाम की गुंज पूरे क्षेत्र में गुंज उठी। कथा वाचक रास रसिक दास महाराज की मुखारविंद से श्री मद् भागवत सुन श्रद्धालु धन्य हो गए और बांके बिहारी जी के समक्ष शीश झुका कर प्रणाम किया।

श्री मद् भागवत कथा में महाराज ने जन्म और बाल लीलाओं के बारे में बताया। श्री मद् भागवत कथा का शुभारंभ भागवत आरती और विश्व शांति के लिए प्रार्थना की गई। श्री मद् भागवत को सुनने अनेक भक्त प्रेमी उपस्थित हुए।

# हाथरस में प्रधान पुत्र पर जानलेवा हमला, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

वेलकम इंडिया



**हाथरस:**-उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश में जीरो टॉलरेंस की नीति चलाई जा रही है और हर एक अपराधी,माफिया ,गुंडा को जेल भेजा जा रहा है ।लेकिन इसके बाबजूद भी कुछ जगह ऐसी हैं जहां अपराधियों के हौसले पूरी तरह बुलन्द है ।ऐसा ही एक मामला जनपद हाथरस का है जहां एक प्रधान पुत्र को अपने उधार के रूपए मांगना भारी पड़ गया ।हमलावरों ने पीड़ित पर जानलेवा हमला कर दिया और उसको मरा हुआ समझकर हमलावर नाले में पटककर भाग गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। युवक विवेक सोलंकी पर शहर के इगलास अड्डा रेलवे फाटक के निकट हुआ था हमला जानकारी के मुताबिक,हमले का कारण आरोपी शौर्य निवासी गणपति नगर पर विवेक के छह हजार रुपए उधार थे, जिसे वह बार-बार मांगने पर भी वापस नहीं कर रहा था। 2 नवंबर 2025 को विवेक अपनी बाइक से हाथरस जा रहा था, तभी इगलास अड्डा पत्थरवाली तिराहे पर शौर्य और उसके साथियों ने उस पर धारदार हथियार और लोहे की रॉड से हमला कर दिया ।हद तो तब पार हो गई जब हमलावरों ने उसका गला दबा दिया और मरा हुआ समझकर नाले में पटककर भाग गए हमले में विवेक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है ।विवेक के पिता मुकेश कुमार ने बताया कि उनका बेटा अभी भी अस्पताल में भर्ती है और उसकी हालत गंभीर है। उन्होंने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है ।आगे बताया कि इस हमले से हमारा परिवार बहुत दुखी हैं और उन्हें न्याय चाहिए। उन्होंने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

# बीएलओ को दिए निर्देश एसआईआर के कार्य में और ज्यादा तेजी लाएं और निर्धारित समय में संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण करना सुनिश्चित करे

वेलकम इंडिया महमूद रजा



जनपद बिजनौर अपर जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह ने किसी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में कई जगहों पर है उसे या उसके परिवार के सदस्यों को सिर्फ एक गणना प्रपत्र पर करना हस्ताक्षर है। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि एक से अधिक गणना प्रपत्र पर हस्ताक्षर करके जमा करने पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही व धारा-31 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम,1950 के तहत एक वर्ष तक की जेल हो सकती है।

उन्होंने यह भी बताया कि उनके निर्देशों के अनुपालन में नायब तहसीलदार द्वारा अनुपालन में आज विशेष पुनरीक्षण दिवस के अवसर पर प्राथमिक विद्यालय, ग्राम झक्काकी स्थित मतदेय स्थल 184 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उक्त मतदेय स्थल पर 76% से अधिक कार्य डिजिटाइज्ड हो चुका है तथा किसी मतदान केंद्र में बूथ नंबर 183 का कार्य 35% से अधिक डिजिटाइज्ड किया जा चुका है।उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिए कि एसआईआर के कार्य में और ज्यादा तेजी लाएं और निर्धारित समय में संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उसके बाद उनके द्वारा विधानसभा क्षेत्र चांदपुर में चेयरमैन के साथ नगरपालिका में सभासद बीएलओ की मीटिंग की गई और सभी बूथ लेवल अधिकारियों को निर्देशित किया कि एसआईआर के कार्य में अपेक्षित प्रगति लाते हुए शत प्रतिशत रूप से मतदाताओं के आवेदन प्राप्त कर पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

# महाराजा अग्रसेन स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ



वेलकम इंडिया

**जहांगीरपुर :** महाराजा अग्रसेन सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शनिवार को चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता को तीन वर्गों में कराया गया। प्रतियोगिता के आयोजक मनोज सिंह और शिवकुमार राज रहे उन्होंने बताया की बच्चों में छिपी प्रतिभा को उकेरने के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। यह प्रतियोगिता कक्षा 1 से 4, कक्षा 5 से 8 तथा कक्षा 9 से 12 के छात्र-छात्राओं को तीन वर्गों में विभाजित करके कराई गई ।छात्र-छात्राओं ने चित्रकला प्रतियोगिता में बहुत ही सुंदर-सुंदर चित्रों को बनाया ।विद्यालय की प्रधानाचार्या अनुपम शर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया तथा भविष्य में भी ऐसी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की और प्रतियोगिता में विद्यालय के व्यवस्थापक पवन छौकर ने सभी के कार्य की सराहना की तथा ऐसी ही प्रतियोगिताएं जल्दी-जल्दी विद्यालय में कराने पर जोर दिया। इस अवसर पर आर.डी. शर्मा,पृथ्वीराज चौहान, प्रियंका, बॉबी शर्मा, छाया शर्मा, छवि शर्मा, पुषपा,आदि का सहयोग रहा।

# नवयुक्त सहारनपुर अधिशासी अभियंता राज कपूर ने दी जानकारी

वेलकम इंडिया, राजीव चौधरी

**सहारनपुर।** पहली बार मूल धन पर विषेष छूट का लाभ पाये विद्युत चोरी के प्रकरणों में भी राजस्व निरघारण धन राशि में छुट का लाभ पाये एकमुश्त भुगतान समाधान योजना दिसम्बर से लागू की जायेगी सहारनपुर अधिशासी अभियंता राज कपूर ने बिजली उपभोक्ताओं को जानकारी देते हुए कहा प्रदेश सरकार द्वारा विद्युत बिल के करोड़ों उपभोक्ताओं को सौगात देते हुए बकाया बिल के सरचार्ज व मूल बिल में राहत देने की योजना बनाई गई है जो एक दिसम्बर से लागू की जाएगी। प्रदेश में 2 किलोवाट तक के घरेलू व कॉमर्शियल विद्युत कनैक्शन के लिए एकमुश्त भुगतान समाधान योजना एक दिसम्बर से लागू की जा रही है जो तीन चरणों में होगी। अधिशासी अभियंता राज कपूर ने बताया कि पहले चरण की अवधि 1 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक रहेगी। जिसमें 100 फीसदी सरचार्ज के साथ मूल बिल से 25 प्रतिशत का लाभ मिलेगा। दूसरा चरण 1 जनवरी से 31 जनवरी तक चलेगा जिसमें रजिस्ट्रेशन कराने पर उपभोक्ताओं को 100 फीसदी सरचार्ज के साथ मूल बिल से 20 फीसदी का लाभ मिलेगा वहीं तीसरा चरण 1 फरवरी से 28 फरवरी तक चलेगा जिसमें उपभोक्ताओं को 100 फीसदी सरचार्ज के साथ मूल बिल से 15 फीसदी तक की छूट का प्रावधान रखा गया है। इस योजना का लाभ श्रेणियों व भार के नेवर पैड व लॉन्ग अनपेड विधुत उपभोक्ता 28/2/2026 तक ही ले पाएंगे।



# पति ने मनपसंद सब्जी नहीं बनाने पर पत्नी का सिर कूंचकर मौत के घाट उतारा

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**सिद्धार्थनगर।** चिल्हिया थाना क्षेत्र के बोकनार गांव में शुक्रवार की रात हुई हाजरा (30) की हत्या पति कमरुद्दीन ने ही की थी। मनपसंद सब्जी नहीं बनाने पर उसने गुस्से में आकर उसका सिर कूंचकर मार डाला। सजा से बचने के लिए उसने पुलिस को दूसरी कहानी बताई थी, लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

पुलिस लाइंस में प्रेस कांफ्रेंस कर वारदात का खुलासा करते हुए एएसपी प्रशांत कुमार प्रसाद ने बताया कि बोकनार गांव से 200 मीटर की दूरी पर एक छोपड़ी में हाजरा (30 वर्ष) पत्नी कमरुद्दीन की लाश मिली थी। उसकी ईंट से सिर कूंचकर हत्या की गई थी। शक के आधार पर रविवार को पुलिस ने पति को हिरासत में लेकर लंबी पूछताछ की। सख्ती के बाद पति कमरुद्दीन टूट गया और उसने कबूल किया कि उसने ही हाजरा की हत्या की है। उसने बताया कि सब्जी बनाने को लेकर दोनों में तकरार हुई थी। गुस्से में पास पड़ी ईंट से प्रहार कर दिया, इसमें हाजरा की मौत हो गई। इसके बाद उसने खुद मां को मौत के बारे में जानकारी दी। मगर जब पुलिस पहुंची तो उसने दूसरी कहानी बता दी। पूछताछ करने के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया।

एएसपी ने बताया कि 21 नवंबर की रात को थाना चिल्हिया क्षेत्र के बोकनार में हाजरा पत्नी कमरुद्दीन की निर्मम हत्या करने की सूचना मिली थी। इस मामले में पति की ही तहरीर पर अज्ञात पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई थी। छानबीन में पति की भूमिका पहले ही संदिग्ध प्रतीत हुई। मामले का पदार्फाश करने के लिए थाने की पुलिस के अलावा एसओजी को लगाया गया था।पुलिस की पूछताछ कमरुद्दीन ने पत्नी की हत्या की बात कबूल की। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष राजेश कुमार तिवारी, एसओजी प्रभारी जीवन त्रिपाठी आदि शामिल रहे।

## मथुरा की हवा हुई और जहरीली, एक्यूआई पहुंचा 240

**मथुरा।** जनपद में सुबह प्रदूषित हवा के बीच हुई। मथुरा-वृंदावन में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 240 के करीब दर्ज किया गया, जो कि सेहत के लिए खतरनाक माना जाता है। वहीं दो दिन पहले यह आंकड़ा 172 दर्ज किया गया था। ऐसे में धीरे-धीरे शहर का प्रदूषण स्तर बढ़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, सर्दी बढ़ने के साथ हवा की गति बेहद धीमी हो गई है और तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। सुबह-शाम मौसम पूरी तरह से करवट बदल रहा है। इसका असर प्रदूषण स्तर पर भी दिख रहा है। शनिवार सुबह एक्यूआई 240 तक पहुंच गया, यह खतरनाक श्रेणी में माना जाता है। हालात दिनों दिन बिगड़ रहे हैं। प्रदूषण का असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। इसके बाद नगर निगम व प्रशासन ने कोई इंतजाम नहीं किए हैं।

# विवाहिता महिला से सामूहिक दुष्कर्म चार नाबालिग सहित छह गिरफ्तार

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**




**सिद्धार्थनगर।** मिश्रौलिया क्षेत्र के एक गांव में महिला से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपियों में छह आरोपियों में चार नाबालिग हैं। शिकायती पत्र के आधार पर पुलिस ने सातों पर सामूहिक दुष्कर्म, एससी/एसटी एक्ट सहित अन्य धारा में प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

चार बाल अपचारी समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने उन्हें न्यायालय के पेश किया। इसमें से जग्गी, सिकंदर को जेल और चार नाबालिगों को बालसुधार गृह बस्ती भेज दिया। एक अन्य की तलाश पुलिस कर रही है।सूत्रों की मानें तो महिला का एक युवक से नजदीकी थी, जिसके साथ वह गई थी। वहां पर अन्य भी पहुंच गए और वारदात को अंजाम दिया। मामला 10 दिन पहले का बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला से गांव के ही किसी युवक से बातचीत होती थी। तकरीबन 10 दिन पहले 12 नवंबर को युवक और महिला कहीं गए थे। इसी बीच छह अन्य आरोपी भी वहां पहुंच गए। सातों ने महिला के साथ दुष्कर्म किया।

चर्चा है कि अन्य आरोपी प्रेमी युवक के जानने वाले थे और उसी ने उन्हें बुलाया था। मामला बाहर आया तो पीड़िता ने मिश्रौलिया पुलिस को 21 नवंबर को शिकायती पत्र देकर प्राथमिकी दर्ज कराई। थानाध्यक्ष मिश्रौलिया बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि मिले शिकायती पत्र के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मुखबिर की सूचना पर छह आरोपियों को गुलरिहा तिराहा से गिरफ्तार कर लिया गया।

जग्गी, सिकंदर को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया जबकि चार को बाल अपचारियों को बालसुधार गृह बस्ती भेज दिया गया।

## सार संक्षेप

### अवैध रूप से संचालित हो रहे अस्पतालों पर कार्रवाई कमियां मिलने पर नोटिस जारी

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**इटवा/सिद्धार्थनगर।** इटवा सीएचसी के मेडिकल ऑफिसर डॉ. संदीप द्विवेदी ने अवैध रूप से संचालित हो रहे अस्पतालों पर कार्रवाई की है। रविवार शाम को उन्होंने दो निजी अस्पतालों की जांच की, जिसमें कमियां पाए जाने पर उन्हें बंद करने का नोटिस जारी किया गया।जांच टीम सबसे पहले इटवा ब्लॉक के दुफेड़िया स्थित डॉ. ए.के. विश्वास की क्लीनिक पहुंची। मौके पर अस्पताल से संबंधित कोई भी वैध अभिलेख नहीं मिले, जबकि वहां मरीजों को इंजेक्शन लगाए जा रहे थे। अधीक्षक ने तत्काल अस्पताल बंद करने के निर्देश दिए और उच्चाधिकारियों को इसकी रिपोर्ट भेजी। इसके बाद टीम खड़सरी पहुंची और फैमिली हेल्थ केयर केंद्र की जांच की। जांच के दौरान न तो अस्पताल का संचालक मौके पर मिला और न ही कोई मरीज। वहां मौजूद दो लड़कियां भी अस्पताल के बारे में कोई जानकारी नहीं दे पाईं। डॉ. संदीप द्विवेदी ने निर्देश दिए कि जब तक कोई योग्य डॉक्टर मौजूद न हो, तब तक अस्पताल का संचालन न किया जाए।जांच के बाद एमओआईसी डॉ. संदीप द्विवेदी ने बताया कि दोनों अस्पतालों में कमियां पाई गई थीं, जिसके बाद उन्हें नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध अस्पतालों का संचालन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### भारत विकास परिषद शिवा द्वारा श्रीगुरु तेग बहादुर सिंह शोभा यात्रा में किया गया सेवा कार्य



**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** गुरु तेग बहादुर के बलिदान दिवस पर रविवार को शोभायात्रा में शिवा परिवार की ओर से यात्रा में चल रहे स्कूली बच्चों में 360 पैकेट लस्सी व छाछ का वितरण किया गया` इसी के साथ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं सिख भाइयों के सहयोग से लगभग 1500 से अधिक लोगों में चूड़ा मटर एवं चाय का वितरण किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष राकेश मिड्ढा के नेतृत्व में समीर मिश्रा एवं सुधा सिंह जिन्होंने इतने कम समय में इतने अच्छे सेवा कार्य का संयोजन कियो` इसी के साथ वरिष्ठ सदस्य प्रदीप चौरसिया, रमेश चंद्र श्रीवास्तव, कपिल जी, सांवरमल कलानौरिया, प्रभा कलानौरिया, विवेक जायसवाल, वासुदेव जी, दिलीप सिंह एवं प्रांत की ओर से प्रांतीय अध्यक्ष अजीत मेहरोत्रा एवं प्रांतीय सचिव विष्णु जी भी उपस्थित रहे।

### ढाई सौ केवी का लगाया गया ट्रांसफार्मर



**मिजार्मुराद कछवारोड़।** सेवापुरी ब्लॉक के ठठरा ग्राम सभा में ग्राम प्रधान व मंडल उपाध्यक्ष सेवापुरी भाजपा सुनील कुमार बिन्द के पहल पर रविवार की शाम 100 सौ केवी का ट्रांसफार्मर बदलकर बिजली विभाग द्वारा 250 सौ केवी का न्यू ट्रांसफार्मर व केबल तार लगाया गया।सुनील ने बताया कि अक्सर बिजली को लेकर बस्ती में दिक्कत होता तो जिसको लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों से मुलाकात किया गया था उसी के बाद बदला गया है।इस दौरान शिवधनी पटेल, नसीम, आशिक, शकील, जमील समेत अन्य लोगों ने खुशी जाहिर किया।

# जिस समाज में महिला आगे आएंगी, वह समाज तेजी से विकास करता है : ई० योगेन्द्र कुमार

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** राष्ट्रीय सोनार संगठन ?स्वर्णकार भारती सेवा संस्थान? की बैठक रविवार को रवींद्रपुरी स्थित संस्थान के राष्ट्रीय संयोजक रवि सर्राफ के आवास पर की गई बैठक में मुख्य वक्ता संस्थान के राष्ट्रीय संस्थापक इंजीनियर योगेंद्र कुमार ने कहा कि किसी भी संस्था को तीव्र गति प्रदान करने में महिलाओं की महती भूमिका होती है उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ वर्षो में संस्थान द्वारा 16 प्रदेशों का गठन कर 48 बैठकें हुई है जो संगठन को नित प्रतिदिन आगे बढ़ाने में योगदान करती है। उन्होंने कहा कि अपने समाज की बातों को रखने के लिए सदन में भी जनप्रतिनिधियों का होना आवश्यक है इस पर उन्होंने कहा कि प्रदेश भारतीय जनता पार्टी द्वारा सोनार समाज को पांच सीटें मिलनी चाहिए। बैठक में ईश्वर दयाल सिंह सेठ को पूर्वांचल प्रदेश का अध्यक्ष मनोनीत किया गया ` इस अवसर पर स्वागत करते हुए राष्ट्रीय चेयरमैन व संयोजक रवि सर्राफ ने कहा कि संस्था द्वारा आगामी आठ मार्च को होने वाले स्वजातीय सामूहिक विवाह सभी के भागीदारी से बेहतर ढंग से करने की योजना है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष शारदा शंकर सिंह ने कहा कि मात्र एक रुपये की सदस्यता से काशी में समाज के निचले पायदान तक को जोड़ें` संस्था की महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष सरिता सर्राफ ने कहा कि आगामी सामूहिक विवाह का कार्यक्रम सभी के प्रयास से ऐतिहासिक होगा` इस अवसर पर राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा संस्थान के जिला पदाधिकारी व महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारी को पटका पहनाकर स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

## बलदेव में माह के प्रत्येक बुधवार को हो टीकाकरण की व्यवस्था

**मथुरा/बलदेव।** बच्चों को लगने वाले टीका लगवाने की व्यवस्था कस्बा बलदेव में स्थाई रूप से न होने के कारण लोगों को अपने बच्चों के टीका लगवाने को भटकना पड़ता है।पूर्व में टीकाकरण की नियमित व्यवस्था डाक्टर भुवनेंद्र के क्लिनिक पर थी।जिससे लोगों को अपने बच्चों के टीकाकरण कराने में आसानी रहती थी। स्थानीय सुजीत वर्मा, उमेश पांडेय, करन अग्रवाल, सोनू भैया, अंशुल अग्रवाल, भानु, मन्नू पुजारी, डॉ .जगदीश पाठक, अन्नू बंसल, बलदेव अग्रवाल आदि ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी मथुरा से माह के प्रत्येक बुधवार को बलदेव में टीकाकरण कराए जाने की नियमित व्यवस्था डाक्टर भुवनेंद्र जी के क्लिनिक पर किए जाने की मांग की है।जिससे कि लोगों को अपने बच्चों के टीकाकरण कराने को भटकना न पड़े।

## बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की सरकार बनते ही चर्चा में जदयू नेता ओंकार यादव

**वेलकम इंडिया/एहसान अंसारी**



**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव में ठऊअ की शानदार जीत के साथ एक बार फिर 2025 में एनडीए की सरकार बनाने में कामयाब रही जहां 10 वी बार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना के गांधी मैदान में शपथ ग्रहण करके एक इतिहास रच दी। एनडीए की शानदार प्रदर्शन रहा जहां बीजेपी 89 सीटकर सबसे बड़ी पार्टी बनी वही महागठबंध का काफी निराशजनक प्रदर्शन रहा। बिहार में 2025 में एनडीए की सरकार और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 10 वी बार मुख्यमंत्री शपथ ग्रहण लेने के बाद से जदयू नेता की चर्चा किंग मेकर के रूप में दिल्ली में होने लगी। बांका जिला के प्रसिद्ध समाज सेवक जदयू पार्टी राजनीतिक सलाहकार समिति सदस्य ओंकार यादव की इन दिनों सुर्खियों में है एनडीए की सरकार बनाने में ओंकार यादव की अहम भूमिका निभाई है। जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाह महानगर विधानसभा सीट पर भी जीत दिलाने में सबसे बड़ी भूमिका निभाई है। बांका जिला के पांचों सीटों पर ठऊअ की जीत रही।ओंकार यादव की चर्चा दिल्ली में हो रही है ओकर यादव और उनकी पत्नी उर्मिला देवी हमेशा सामाजिक कार्य में आगे रहते है, गरीब बेसहारा लोगों की मदद में हमेशा पूरा परिवार करते आ रहा हैं।

## सीएचसी पर होगा ईसीजी, 10 मिनट में लग जाएगा 40 हजार का इंजेक्शन

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** हार्टअटैक के मरीजों को सीएचसी एवं जिला अस्पताल में भी जीवन रक्षक इंजेक्शन निशुल्क लगेगा। ईसीजी से इंजेक्शन लगने तक में केवल 10 मिनट लगेगा। निजी अस्पतालों में इसकी कीमत करीब 40 हजार रुपये है। अगले महीने से सीएचसी पर भी यह सुविधा मिलने लगेगी। एसएन मेडिकल कॉलेज में पांच जिलों के सीएचसी और जिला अस्पताल स्टाफ को इसका प्रशिक्षण दिया गया है। प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने बताया कि कार्यशाला में आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, एटा और हाथरस के सीएचसी, जिला अस्पताल के 100 चिकित्सकीय स्टाफ को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें सीने में दर्द की शिकायत लेकर आए मरीज की ईसीजी करने की जानकारी दी। स्टाफ ईसीजी की रिपोर्ट को एसएन के हृदय रोग विशेषज्ञों को व्हाट्सएप करेंगे। इसके लिए विशेषज्ञों का व्हाट्सएप ग्रुप भी बना दिया है।

इसमें हार्टअटैक की गंभीरता को देखने के बाद स्टाफ को टेनेक्टेप्लेस इंजेक्शन लगाने को निर्देशित करेगा। मरीज को कैसे इंजेक्शन लगाना है, कैसे इसे सुरक्षित रखना है, इसके बारे में भी जानकारी दी। इंजेक्शन लगने के बाद मरीज को 108 नंबर एंबुलेंस से एसएन में भर्ती कराया जाएगा। हार्टअटैक के बाद जल्दी इंजेक्शन लग जाने से 80 फीसदी मरीजों की जान बच जाती है। एसएन के हृदय रोग विभाग के डॉ. सौरभ नागर ने बताया कि पहले 50 एमएल की वाइल को डायलूट कर हर मिनट में एक एमएल मात्रा लगाई जाती थी। इससे इंजेक्शन लगाने में 40-50 मिनट का समय लगता था। इसमें ऐसा कुछ करने की जरूरत नहीं है और 10 सेकंड में इंजेक्शन लग जाता है। कार्यशाला में अपर निदेशक डॉ. ज्योत्सना भाटिया, डॉ. कमलेश यादव, डॉ. टीपी सिंह, डॉ. पीयूष जैन, डॉ. हिमांशु यादव आदि मौजूद रहे।

## नोहझील के गांव बरौठ में फंदे से लटकी मिली महिला

**मथुरा।** नौहझील के गांव बरौठ में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह घर में फंदे पर लटकी मिली। मृतका के पति ने गांव के ही एक युवक पर हत्या करके शव को लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पुलिस के अनुसार गांव बरौठ निवासी गुड्डू की पत्नी ममता (35) अपने घर में पशुओं के घेर में फंदे पर लटकी मिली। बच्चों ने मां को फंदे पर झूलते देखकर शोर मचाया। परिजन की सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। मृतका के परिवारवालों ने गांव के युवक पर ममता की हत्या करके शव को लटकाने का आरोप लगाया। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित किए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सीओ आशीष शर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। वीडियोग्राफी में डाक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के स्पष्ट कारणों का पता चल सकेगा। अभी तहरीर नहीं मिली है। जांच की जा रही है।

# ग्राम पंचायत अधिकारियों ने की शोषण रोकने की मांग



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** जिला मुख्यालय पर ग्राम पंचायत अधिकारी-ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति की बैठक सियाराम गौतम एवं राम कुमार चौधरी की संयुक्त अध्यक्षता में हुई।

बैठक में ग्राम विकास अधिकारियों तथा ग्राम पंचायत अधिकारियों (सचिवों) पर निरीक्षण के नाम पर अनावश्यक शोषण किए जाने, वेतन रोके जाने एवं बिना पक्ष जाने एक तरफा निलंबन रूपी उत्पीड़नात्मक कार्रवाई का विरोध किया गया।

उन्होंने समस्याओं के समाधान न होने पर तीन दिन बाद आंदोलन का ऐलान किया। बैठक में कहा गया कि आपदा के समय को छोड़कर अवकाश के दिनों में कार्य न लिया जाए। कार्यालय अवधि के बाद कोई ऑनलाइन या ऑफलाइन मीटिंग न रखी जाए। पेंशन, शादी अनुदान के प्रकरणों का सत्यापन ग्राम विकास अधिकारी (समाज कल्याण)/ सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) से कराया जाए। बैठक का संचालन महामंत्री हरेंद्र सिंह द्वारा किया गया।

बैठक में मुख्य वक्ता सौरभ मिश्रा, बिशन सिंह, पवन वर्मा, पूजा आदि रहे। बैठक का समापन वीरेश शर्मा द्वारा किया गया।

# लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर निकाली पद यात्रा

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**सिद्धार्थनगर।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती कार्यक्रम के तहत रविवार को सिद्धार्थनगर के जवाहर इंटर कॉलेज पुरानी नौगढ़ से एकता यात्रा निकाली गई। भाजपा जिला इकाई के तत्वावधान में यात्रा नगर में भ्रमण करते हुए बीएसए ग्राउंड में जनसभा के साथ संपन्न हुई।

मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री अनिल राजभर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने देश को एक सूत्र में पिरोकर आधुनिक भारत की नींव रखी थी।

उन्होंने कहा कि आज हमारी एकता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश उसी एकता, अखंडता और राष्ट्र प्रथम की भावना पर आगे बढ़ रहा है, जिसे पटेल जी ने अपने कार्यों से परिभाषित किया था। देश की सुरक्षा, विकास और सामाजिक समरसता के मुद्दों पर केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा पार्टी द्वारा चल रहा यह अभियान केवल कार्यक्रम नहीं बल्कि सामाजिक एकता और संगठन की मजबूती का प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ हैं जो घर-घर सरकार की योजनाओं और संदेशों को पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने कार्यकताओं का उत्साहवर्धन करते हुए अधिक जोश, अनुशासन और सेवा भाव के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। सरदार पटेल केवल एक नेता नहीं बल्कि भारत की अखंडता का सबसे मजबूत स्तंभ थे। केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आज नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा कि सरदार पटेल की जयंती राष्ट्रीय भावना से जुड़े हर नागरिक के लिए प्रेरणा का क्षण है। एकता यात्रा का उद्देश्य केवल कार्यक्रम करना नहीं बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक यह संदेश पहुंचाना है कि देश की प्रगति एकता, भाईचारे और सामूहिक संकल्पों से ही संभव है।

विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि सरदार पटेल के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए कि कठिनाई कितनी भी बड़ी क्यों न हो, यदि संकल्प मजबूत हो तो लक्ष्य अवश्य प्राप्त होता है। मोदी सरकार के 10 वर्षों ने गांव, गरीब, किसान, नौजवान और महिलाओं को इतिहास में पहली बार वास्तविक शक्ति दी है।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव, पूर्व जिलाध्यक्ष लालजी त्रिपाठी लाल बाबा समेत दीपक मौर्य, विपिन सिंह, विजयकांत चतुर्वेदी, निशांत पांडेय आदि भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# अपने-अपने राम कथा में राम नाम की भक्ति में डूबे श्रद्धालु

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़।** 23 नवंबर 2025 को आयोजित अपने-अपने राम कथा कार्यक्रम में भक्ति और आस्था का अनुपम संगम देखने को मिला। पूरे परिसर में राम नाम की ध्वनि गूँजती रही और श्रद्धालु आध्यात्मिक उत्साह से सराबोर दिखाई दिए। कार्यक्रम में प्रदेश और देश के कई प्रतिष्ठित अतिथियों ने पहुँचकर कथा श्रवण किया और आयोजन की सराहना की।

कार्यक्रम में आदरणीय डॉ. कुमार विश्वास की उपस्थिति ने श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह भर दिया। मंच पर आदरणीय पुंडरीक जी महाराज, आदरणीय कमला बहन सहित कई संत व गणमान्य उपस्थित रहे।कार्यक्रम में पहुँचे प्रमुख अतिथि सुनील बंसल, राष्ट्रीय महामंत्री, भाजपा बी.एल. वर्मा, केंद्रीय राज्य मंत्री सुनील कुमार शर्मा, कैबिनेट मंत्रीआदरणीय नीरज सिंह कुंवर बृजेश सिंह, राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर, राज्य मंत्री सतीश गौतम, सांसद अशोक कटारिया, पूर्व राज्य मंत्री अनिल अग्रवाल, पूर्व राज्यसभा सांसद नरेश तोमर, जिला अध्यक्ष संजीव शर्मा, विधायक, गाज़ियाबाद अश्वनी त्यागी, एमएलसी रेखा नागर, जिला पंचायत अध्यक्ष निशांत सिसोदिया आशा शर्मा, पूर्व मेयर उमेश राणा, निवर्तमान जिला अध्यक्ष अजीत तोमर मंजू दिलेर कार्यक्रम का सुगठित एवं प्रभावशाली संचालन आदरणीय डॉ. वागेश दिनकर द्वारा किया गया।

हजारों की संख्या में पहुँचे राम भक्तों ने सामूहिक रूप से कथा के दिव्य रस का आनंद लिया और ह्यराम नामह्ण की महिमा से पूरा वातावरण पावन हो उठा।अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अपने-अपने राम कथा समाज में आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक चेतना को प्रज्वलित करने का सतत प्रयास है।

## जनपद में एसएसपी ने सीओ के कार्य क्षेत्रों में किया फेर बदल

**बुलंदशहर।** रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर द्वारा जनपद में नवनियुक्त पुलिस उपाधीक्षक के आगमन करने एवं प्रशासनिक आवश्यकताओं के सापेक्ष निम्नलिखित पुलिस उपाधीक्षकों के मध्य तत्काल प्रभाव से नियमानुसार कार्य-विभाजन किया गया है। जिसमें नवनियुक्त सीओ शशांक श्रीवास्तव को शिकारपुर की नई जिम्मेदारी मिली है। उधर मधुप कुमार सिंह को अपराध/साइबर क्राइम/कार्यालय बुलंदशहर भेजा गया है।सीओ डिबाई शोभित कुमार को खुर्जा तैनाती मिली है।सीओ पूर्णिमा सिंह को यातायात बुलंदशहर बनाया गया है। सीओ विकास प्रताप सिंह चौहान को अनूपशहर का दायित्व मिला है। अनूपशहर सीओ रामकरण को स्याना की जिम्मेदारी मिली है वही प्रखर पांडे को डिबाई का सीओ बनाया गया है।

# सरूरपुर के खिवाई में ऊर्जा निगम के जेई और उनकी टीम पर हमला, वीडियो वायरल

उज्जवल रस्तौगी



**मेरठ।** सरूरपुर थाना क्षेत्र के खिवाई गांव में बकाया बिल वसूली करने गई टीम को बंधक बनाकर उनके साथ मारपीट की गई है। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाने में जेई रविन्द्र कुमार ने शिकायत की है, जिसमें खिवाई के तीन भाइयों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।शिकायत में बताया गया कि आरोपी के घर लगे दो अलग-अलग मीटर पर लगभग 30 हजार की रकम बकाया थी। इसी कारण उनका कनेक्शन भी काट दिया गया था।

आरोप है कि बकाया बिल वसूली के लिए गए जेई रविन्द्र कुमार पर आरोपियों ने हमला बोल दिया। इतना ही नहीं बिना बिल का भुगतान किए उनपर कनेक्शन जोड़ने का दबाव भी बनाया गया। पड़ोसी ग्रामीण के घर में घुसकर जेई ने अपनी जान बचाने का प्रयास किया मगर आरोपी ने वहां भी उनका पीछा नहीं छोड़ा। पड़ोसी के घर में घुसकर आरोपियों ने जेई की बेल्ट और लात घूंसों से पिटाई की। सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो पड़ोसी के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे का बताया जा रहा है।

वायरल वीडियो और जेई से मिली शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी अबरार उर्फ छोटू, यामीन और इकरार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वीडियो के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सार संक्षेप

### मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत हापुड़ पुलिस मनचलों पर शिकंजा कसा



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश सरकार की नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन की मुहिम ₹मिशन शक्ति₹ फेज-5.0 के तहत हापुड़ जनपद में आज महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु व्यापक अभियान चलाया गया।दिनांक 23 नवंबर 2025 को जनपद के सभी थानों की एण्टी रोमियो स्क्वॉड टीमों एवं महिला सुरक्षा दल ने प्रमुख बाजारों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, कस्बों, गांवों, पार्कों और सार्वजनिक स्थानों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया।इस दौरान टीमों नेअनावश्यक रूप से घूमने वाले संदिग्ध युवकों से पूछताछ की,मनचलों एवं शोहदों की तलाशी एवं पहचान सत्यापन किया,और सभी को कड़ी हिदायत देते हुए कानून का पालन करने की चेतावनी दी।अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण और विश्वास का माहौल तैयार करना है, ताकि वे निर्भीक होकर अपने दैनिक कार्य कर सकें।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह संयुक्त कार्रवाई आगे भी इसी प्रकार जारी रहेगी, ताकि जनपद में महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप में कायम रखा जा सके।

### भव्य शोभायात्रा के साथ प्रारम्भ हुई सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा

**वृन्दावन।** कालीदह क्षेत्र स्थित राधा कृपा आश्रम में लाला सट्टनलाल अग्रवाल परिवार (मुम्बई) के द्वारा ठाकुरश्री ब्रजवल्लभ लाल महाराज एवं सद्गुरुश्री सन्त मां ब्रजदेवी जी के पावन सानिध्य में सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ प्रारम्भ हो गया है।महोत्सव का शुभारंभ श्रीनाभापीठाधीश्वर श्रीमज्जगद्गुरु द्वाराचार्य स्वामी सुतीक्ष्ण देवाचार्य महाराज ने श्रीमद्भागवत महापुराण ग्रंथ का पूजन-अर्चन व दीप प्रज्ज्वलन करके किया।इससे पूर्व फोगला आश्रम से कथा स्थल तक गाजे-बाजे के मध्य श्रीमद्भागवतजी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई।जिसमें असंख्य महिलाएं पीत वस्त्र पहने, सिर पर मंगल कलश धारण किए चल रही थी।इसके अलावा सैकड़ों भक्त-श्रृद्धालु श्रीहरिनाम संकीर्तन करते हुए शोभायात्रा में साथ चल रहे थे। महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे श्रीनाभापीठाधीश्वर श्रीमज्जगद्गुरु द्वाराचार्य स्वामी सुतीक्ष्ण देवाचार्य महाराज ने कहा कि कलयुग में जीव के कल्याण के लिए यदि सबसे सरल उपाय कोई है, तो वो श्रीमद्भागवत महापुराण की अमृतमयी कथा है।इस ग्रंथ का श्रवण करने से धुंधकारी जैसा महापापी भी प्रेत योनि से मुक्त हो गया था।इसीलिए इस ग्रंथ को मुक्ति पंथ कहा गया है।

# रियल इंटरनेशनल स्कूल ने सृजन प्रतियोगिता में लहराया परचम, दो टीमों ने हासिल किया द्वितीय स्थान

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** जीएलए विश्वविद्यालय में आयोजित भव्य सृजन महोत्सव में रियल इंटरनेशनल स्कूल मथुरा की दो टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में मथुरा, आगरा, हाथरस, अलीगढ़, कोसी, छाता, होडल, पलवल सहित विभिन्न क्षेत्रों के 3000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। पहली उपलब्धि विद्यालय की प्रतिभावान छात्राएं, कनक, प्रियांका, तुलसी और रुचि की रहीं, जिन्होंने डिजिटल पेमेंट और कैशलेस इकोनॉमी विषय पर अत्यंत प्रभावशाली और स्वरचित पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। छात्रों की क्रिएटिविटी, आत्मविश्वास और विषय पर स्पष्ट पकड़ को निर्णायक मंडल ने सराहा।

दूसरी ओर, विद्यालय की नुक्कड़ नाटक टीम ने भी अपने दमदार अभिनय व प्रभावशाली संदेश के माध्यम से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टीम की प्रस्तुति ने दर्शकों और निर्णायकों पर गहरी छाप छोड़ी। विद्यालय के निदेशक पुनीत प्रजापति और प्राचार्या सिमर प्रजापति ने दोनों टीमों की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और विद्यालय की सतत प्रगतिशील शैक्षिक नीति का परिणाम है। उन्होंने विजेता छात्रों व मार्गदर्शक शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रियल इंटरनेशनल स्कूल ने एक बार फिर सिद्ध किया है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और रचनात्मकता के साथ उसके विद्यार्थी हर मंच पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते रहेंगे।

# नव-निर्वाचित बार अध्यक्ष ब्रह्म देव त्यागी का भव्य सम्मान, बीकेयू (एकता शक्ति) ने किया अभिनंदन

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**गाज़ियाबाद।** कलेक्ट्रेट परिसर में आज भारतीय किसान यूनियन (एकता शक्ति) द्वारा नव-निर्वाचित बार अध्यक्ष आदरणीय ब्रह्म देव त्यागी के सम्मान में एक भव्य तथा गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे बार कार्यालय में आरम्भ हुआ, जहां संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों, पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक उपस्थित होकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।समारोह में वक्ताओं ने कहा कि ब्रह्म देव त्यागी का चयन न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

संगठन ने आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में बार एसोसिएशन की कार्यप्रणाली और अधिक मजबूत होगी और अधिवक्ताओं को नई ऊर्जा मिलेगी।कार्यक्रम राष्ट्रीय संयोजक राकेश शर्मा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री एडवोकेट अक्षित शर्मा, तथा प्रदेश अध्यक्ष अमरीश चौहान के दिशा-निर्देशन में शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

वहीं पूरी कार्यक्रम रूपरेखा महानगर अध्यक्ष गाज़ियाबाद राजेश गुप्ता द्वारा कुशलतापूर्वक संचालित की गई।इस अवसर पर प्रदेश एवं महानगर स्तर के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे राकेश शर्मा (सदरपुर), एडवोकेट अक्षित शर्मा, अमरीश चौहान, देवेंद्र यादव, राजेश गुप्ता, ठाकुर मोनेन्द्र कुमार, विपिन त्यागी, मोनू त्यागी, जीवन बालिया, अमित गुप्ता, विशाल पायल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।कार्यक्रम के दौरान सभी पदाधिकारियों ने संगठन की एकजुटता और सामाजिक कर्तव्यनिष्ठा को मजबूती प्रदान करने का संदेश दिया।

# धूमधाम से मनाया श्रील भक्ति जीवन जनार्दन गोस्वामी महाराज का तिरोभाव महोत्सव

वेलकम इंडिया

**वृन्दावन।** सेवाकुंज गली स्थित श्रीकृष्ण बलराम मंदिर में ब्रज के प्रख्यात संत श्रील भक्ति जीवन जनार्दन गोस्वामी महाराज का तिरोभाव महोत्सव श्रील भक्तिवेदांत मधुसूदन गोस्वामी महाराज के पावन सानिध्य में अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ मनाया गया।महोत्सव का शुभारंभ पूज्य महराजश्री के चित्रपट का वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पूजन-अर्चन व दीप प्रज्वलित करके किया गया।तत्पश्चात संतों-भक्तों के द्वारा श्रीहरिनाम संकीर्तन किया गया।

इस अवसर पर आयोजित संत-विद्वत सम्मेलन में अपने विचार व्यक्त करते हुए श्रील भक्तिवेदांत मधुसूदन गोस्वामी महाराज ने कहा कि हमारे सद्गुरुदेव श्रील भक्ति जीवन जनार्दन गोस्वामी महाराज धाम निष्ठ, नाम निष्ठ व धर्म निष्ठ थे।उन जैसी दिव्य विभूतियों से ही श्रीधाम वृन्दावन समूचे विश्व का ललाट बनकर शोभायमान हो रहा है।

भक्ति तिलक अकिंचन महाराज एवं पण्डित बिहारीलाल वशिष्ठ ने कहा कि श्रील भक्ति जीवन जनार्दन गोस्वामी महाराज गौडीय संप्रदाय के परम्उपासक व भगवत्प्राप्ति संत थे।वे अपने पास आने वाले दीन-दुखियों की पीड़ा उनके बताने से पहले ही जान लेते थे।पृथ्वी पर अब ऐसे संतों के दर्शन बहुत ही कम होते हैं,जो अपना समूचा जीवन निर्धनों-निराश्रितों एवं असहायों की सेवा में समर्पित करते हैं। प्रख्यात साहित्यकार ₹यूपी रत्न₹ डॉ. गोपाल चतुर्वेदी व डॉ. राधाकांत शर्मा ने कहा कि भक्ति जीवन जनार्दन गोस्वामी महाराज श्रीमद्भावत, श्रीमद्भगवद्गीता एवं रामायण आदि कई धर्म ग्रंथों के प्रकांड विद्वान थे।उन्होंने कई ग्रंथों का अनेक भाषाओं में अनुवाद करके और उनका विश्वस्तर पर प्रकाशन कर असंख्य व्यक्तियों को धर्म के मार्ग से जोड़ा।

# एआईएमए क्विज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया ज्ञान कौशल, केएल इंटरनेशनल स्कूल रहा अव्वल

वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी




**मेरठ।** परतापुर बाईपास स्थित मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के मेरठ बिजनेस स्कूल में शनिवार को ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन (एआईएमए) की ओर से इंटर-स्कूल क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय स्तर पर हुई इस प्रतियोगिता में मेरठ सहित आसपास के लगभग 20 विद्यालयों से 400 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता का संचालन नई दिल्ली से आए एआईएमए के अधिकारियों आशीष सिकरी, प्रदीप कुमार और कमल रावत ने किया। क्विज चार चरणों में आयोजित हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने विभिन्न विषयों पर अपनी ज्ञान क्षमता का परिचय दिया।

अंतिम परिणामों में केएल इंटरनेशनल स्कूल, जागृति विहार की टीम के प्रेरित कपूर और अर्णव नारूला ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं, रॉम्बस वर्ल्ड स्कूल, रूड़की रोड के रितेश तलियान और तपिश कांत ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इसी स्कूल की दूसरी टीम, जिसमें मान जग्गी और रुद्र खन्ना शामिल थे, तृतीय स्थान पर रही।

सभी विजेता छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर मेरठ बिजनेस स्कूल के डीन डॉ. अंकुर गोयल ने प्रतियोगिता का सफल संचालन किया। कार्यक्रम में एमआईटी के निदेशक के.एल.ए. खान, प्रिंसिपल डॉ. हिमांशु शर्मा, बीबीए विभागाध्यक्ष डॉ. हिमानी मिश्रा एवं अजय चौधरी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के उत्साह और प्रतिस्पर्धात्मक भावना की सराहना करते हुए प्रिंसिपल डॉ हिमांशु शर्मा ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ न केवल ज्ञान बढ़ाती हैं, बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करती हैं।

# विधानसभा-60 में सपा का शक्ति केंद्र शुरू

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर धानसभा-60 क्षेत्र में समाजवादी पार्टी ने संगठन विस्तार की दिशा में एक अहम पहल करते हुए नया कार्यालय स्थापित किया है। शनिवार को वरिष्ठ सपा नेता सुधीर चौहान ने विधिवत फीता काटकर इस शक्ति केंद्र का शुभारंभ किया। उद्घाटन कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ी, जिसके चलते पूरे क्षेत्र में राजनीतिक चर्चा का माहौल गर्म रहा।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सुधीर चौहान ने कहा कि यह नया कार्यालय जनता से सीधा संवाद स्थापित करने और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर समाधान दिलाने के लिए समर्पित रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि आने वाले विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए यह केंद्र पार्टी की रणनीति तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

चौहान ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे मुद्दों को अपनी शीर्ष प्राथमिकताओं में रखा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कई नई योजनाओं पर जल्द ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा, जिससे जनहित से जुड़े कार्यों में तेजी आएगी।

कार्यक्रम में शामिल पार्टी कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने नए कार्यालय के शुभारंभ को संगठन की मजबूती और चुनावी तैयारियों की दिशा में बड़ा कदम बताया। उनका कहना था कि इस शक्ति केंद्र के सक्रिय होने से क्षेत्र में सपा की पकड़ और मजबूत होगी तथा जनता से जुड़ाव और प्रभावी बनेगा।नए कार्यालय के शुभारंभ ने विधानसभा-60 में चुनावी माहौल को नई दिशा दे दी है, जिससे आने वाले दिनों में राजनीतिक समीकरणों में बदलाव की चर्चाएँ भी तेज हो गई हैं।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अंतर्गत 260 जोड़ों का हुआ विवाह

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत आज जनपद मथुरा में 260 जोड़ा का विवाह हुआ संपन्न। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती बबीता सिंह चौहान, महापौर विनोद कुमार अग्रवाल, विधायक पूरन प्रकाश एवं जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने सभी जोड़ों को आशीर्वाद दिया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने जनपदवासियों से अपील की है कि अधिकाधिक संख्या में उक्त योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन करे।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य गरीब और वंचित परिवारों की बेटियों के विवाह में आर्थिक सहायता प्रदान करना है। इस योजना के तहत, सरकार सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित करती है, जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटियों के विवाह तथा विधवा / तलाकशुदा महिला के पुनर्विवाह में सहयोग करती है। उक्त योजना से गरीब परिवारों के बेटे-बेटियों का विवाह कराया जाता है।

उक्त योजना का लाभ लेने हेतु लड़की/ कन्या/ महिला की आयु 18 वर्ष या अधिक होनी चाहिए। लड़के की आयु 21 वर्ष या अधिक होनी चाहिए। परिवार की वार्षिक आय 3 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। लड़की उत्तर प्रदेश की निवासी होनी चाहिए। इस योजना का लाभ उन्हीं कन्याओं को दिया जाएगा, जिनका विवाह तय हो गया है व पूर्व में विवाह नहीं किया है। वह महिलाएं जिनका कानूनी रूप से तलाक हो गया है, वह भी इस योजना का लाभ लेने के लिए पात्र है। विधवा महिला भी इस योजना का लाभ लेने के लिए पात्र है। इस योजना का उद्देश्य गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह में आर्थिक सहायता प्रदान करना और सामूहिक विवाह की परंपरा को बढ़ावा देना है।

इस योजना के अंतर्गत ऐसे परिवार जिनकी आय सीमा 3 लाख से नीचे हो, आवेदक मथुरा के निवासी हो आवेदन कर सकते हैं।

# सीडीओ की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना की समीक्षा बैठक हुई आयोजित

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में विगत दिवस *मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना* की गहन समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न बैंको के क्षेत्रीय प्रबन्धंक एवं जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

उपायुक्त उद्योग राजकुमार शर्मा द्वारा योजना के विषय में विस्तृत विवरण देते हुये अवगत कराया गया कि विभिन्न बैंको को 2094 पत्रावलिया प्रेषित की गयी, जिसके सापेक्ष मात्र 700 लाभाथीर्यों के ऋण वितरित किये गये जो इस माह सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित लक्ष्य 850 के सापेक्ष बहुत ही कम है।

समीक्षा के दौरान एक्सिस बैंक, बैंक आफ बडौदा, बैंक आफ इण्डिया, एच0डी0एफ0सी बैंक, इडियन बैंक, यूनियन बैंक आफ इण्डिया की प्रगति बहुत ही निराशाजनक पायी गयी।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा क्षेत्रीय प्रबन्धक से अपेक्षा किया गया कि लक्ष्य के सापेक्ष योजनान्तर्गत जो भी आवेदन पत्र प्रेषित किये जा रहें है, उसका समयबद्ध निस्तारण करायें। क्षेत्रीय प्रबन्धकों द्वारा आश्वासन दिया गया की एक सप्ताह के अन्दर सभी लम्बित पत्रावलियों को ससमय बैंक शाखाओं द्वारा निस्तारण कर लिया जायेगा।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पी0एम सूर्यघर, पी0एम एफ0एम0ई0 की भी समीक्षा की गयी।

इस अवसर पर उपायुक्त स्वतः रोजगार प्रभात द्विवेदी, उपायुक्त उद्योग राजकुमार शर्मा, क्षेत्रीय प्रबन्धक भारतीय स्टैट बैंक, पजांब नेशनल बैंक, उ0प्र0 ग्रामीण बैंक, बैक आफ बडौदा, एक्सिस बैंक एवं एचडीएफसी बैंक के क्लसटर हेड, समस्त बैंक जिला समन्वयक एवं परियोजना अधिकारी यू0पी नेडा, जिला उद्यान अधिकारी समुद्रगुप्त मल्ल, सहायक आयुक्त उद्योग एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

## सगाई में दी गई सामग्री को वापस दिलाने की मांग

**कांधला। (मोहसिन रहमानी )** बाबरी थाना क्षेत्र के गांव हाथी करोदा निवासी एक दंपति ने थाने पर तहरीर देकर कस्बा निवासी एक व्यक्ति पर उसके पुत्र का रिश्ता तोड़ने और सगाई में दी गई नगदी और जेवरात वापस दिलाने की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है। बाबरी थाना क्षेत्र के गांव हाथी करौदा निवासी जहूर हसन व उसकी पत्नी ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उन्होंने कस्बे के मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी एक व्यक्ति की पुत्री के साथ अपने पुत्र सलमान का रिश्ता तय किया था। पीडितों ने सगाई रस्म में 51 हजार रुपये नगद और सोने चांदी के जेवरात सहित कीमती समान देकर सगाई पक्की की थी। दंपति का आरोप है कि अब युवती पक्ष के लोग अपनी पुत्री का उसके पुत्र के साथ विवाह करने से इनकार कर रहे हैं। और रिश्ते से मना करते हुए सगाई तोड़ दी। जब पीड़ित ने सगाई में दी गई नगदी और जेवरात सहित कीमती सामान वापस मांगे तो आरोप है कि आरोपियों ने उनके साथ फोन पर कई-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी है।

# कुन्डा मे आपसी विवाद के दो भाईयो को मारी गोली मे एक की मौत

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ।** कुन्डा कोतवाली अन्तर्गत ताजपुर सरियावा गाव मे आपसी विवाद में हुई पूर्व प्रधान पुत्रो को गोली मार दी गयी । जिसमे एक की तत्काल मौत हो गयी तो वही दुसरा भाई प्रयागराज मे जिन्दगी और मौत की जग लड रहा है।

प्राप्त सूचनानुसार ताजपुर सरियावा गाव के पूर्व ग्राम प्रधान गुड्डु का गाव के ही सपा समर्थक तनवीर से विवाद था । जिसमे आज विवाद इतना बढ गया कि मामुली रुप से शुरू हुई कहासूनी ने हिसक रूप ले लिया और द ?नो पक्षो मे मारपीट शुरू हो गयी । जिसमे एक पक्ष बे गोलीबारी कर दी ।जिसमे पूर्व प्रधान के दो बेटो को गोली लगी । जिसमे से एक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी तो दूसरे को आनन फानन कुडा सी एच सी लाया गया जिसकी हालत सिर मे गोली लगी होने से गम्भीर देख प्रयागराज रेफर कर दिया गया जहा उसकी हालत गम्भीर बनी हुई है । गोली बारी की घटना की सूचना मिलते ही कुडा के तेज तर्रार कोतवाल अवन दीक्षित ने उच्चाधिकारियो को सूचना दे तत्काल फोर्स के साथ मौके पर पहुच गये । जहा बाद मे अन्य थानो की भारी पुलिस फोर्स भी गाव मे पहुच छावनी बना दिया ।

मौके पर पहुचे कोतवाल अवन दीक्षित बे बडी कार्यवाही करते हुए तनवीर ,दोहराब तथा एक अन्य को गिरफ्तार कर लिया । बताया जाता है कि तनवीर आपराधिक पृष्ठभूमि रखता है। गिरफ्तारो ?मे से तनवीर और सोहराब पर एस सी एस टी एक्ट सहित अन्य गम्भीर प्रकृति के मुकदमे दर्ज है और इन्ही दोनो ने अन्य लोगो के साथ मिल घटना को अजाम दिया । जिन्हे कुंडा पुलिस कोतवाल ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# सफल होने के लिए निरंतर मेहनत जरूरी : परवेज अख्तर



**संतकबीरनगर।** रविवार को विकास खंड सेमरियावा के मदरसा अरबिया काशिफुल उलूम जातेडीहा में मोटिवेशनल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेमरियावा ब्लॉक के मदरसा अरबिया काशिफुल उलूम जातेडीहा में रविवार को मोटिवेशनल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के मण्डल प्रवक्ता/ मीडिया प्रभारी मुहम्मद परवेज अख्तर ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए शिक्षा बेहद जरूरी है। शिक्षित व्यक्ति ही समाज का भला कर सकता है। शिक्षा से ही संस्कार आता है। जो भी विद्यालय में पढ़ाया जाय उसको घर पर जरूर पढ़ें। अपने समय का सदुपयोग करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ खेल का होना जरूरी है क्योंकि जहां शिक्षा से मानसिक, चारित्रिक, सामाजिक विकास होता है वहीं खेल से शारीरिक विकास होता है। दोनों एक दूसरे के अभिन्न अंग हैं। खलीलाबाद तहसील अध्यक्ष अतहरूल बारी ने कहा कि इस्लाम में शिक्षा हासिल करने की तालीम दी गयी है। इसलिए तालीम हासिल करने पर ध्यान दें। इस अवसर पर मौलाना उबैदुर्रहमान मजाहिरी, महमूदुल हसन कासमी, मौलाना नसीम कासमी,कारी मुहम्मद वसीम फैजी,हाफिज हिदायतुल्लाह, हाफिज अहमद उमैर बलरामपुरी, मास्टर अतहर हुसैन आदि मौजूद रहे।

# थाना दुधारा में पुलिस झण्डा दिवस का अत्यंत गरिमापूर्ण ढंग से किया गया आयोजन



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश पुलिस बल के गौरवशाली इतिहास एवं वीर शहीदों के प्रति सम्मान व्यक्त करने हेतु थाना दुधारा में ‘पुलिस झण्डा दिवस’ का आयोजन किया गया।

थाना, दुधारा के प्रभारी निरीक्षक अरविन्द शर्मा व समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित, रहे। प्रभारी निरीक्षक अरविन्द शर्मा ने पुलिस ध्वज को सलामी दी और सम्मानपूर्वक थाना परिसर में पुलिस के प्रतीक झण्डे को फहराया। इस अवसर पर उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को पुलिस ध्वज की महत्ता एवं उसके इतिहास के बारे में जानकारी दी गई। श्रीमान प्रभारी निरीक्षक महोदय द्वारा बताया गया यह झण्डा हमें हमारे कर्तव्य, अनुशासन, और जनसेवा के प्रति हमारी अटूट निष्ठा की याद दिलाता है। उन्होंने पुलिस बल के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की. जिन्होंने राष्ट्र की सेवा में अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। समस्त पुलिसकर्मियों ने इस दिवस पर निष्पक्षता, साहस और समर्पण के साथ आम जनता की सेवा करने तथा कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

यह दिवस पुलिस बल को जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी का बोध कराता है और उन्हें सदैव सतर्क एवं सक्रिय रहने के लिए प्रेरित करता है।

## घायल बाइक सवार की मौत

**मिजार्मुराद।** खजुरी गांव (मिजार्मुराद) स्थित सेवापुरी विधायक कार्यालय के सामने हाइवे के सर्विस लेन पर शनिवार की देर शाम साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर बाइक सवार कपसेठी थाना क्षेत्र के रामपुर (बरकी) निवासी आकाश उम्र (30) वर्ष पुत्र कल्लू हकीम डिवाइडर से टकरा गया था जिससे युवक के सिर में गम्भीर चोट लग गई थी ।सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने गम्भीर रूप से घायल बाइक सवार को इलाज हेतु एम्बुलेंस की मदद से बीएचयू ट्रॉमा सेंटर भेजकर भर्ती करवाई थी जहां रविवार की सुबह युवक की इलाज के दौरान मौत हो गया ।मृतक चार भाइयों में तीसरे नंबर का था व दो पुत्रों का पिता बताया गया ।मृतक सैलून चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था ।मृतक के मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# निःशुल्क कंप्यूटर कक्ष का विधायक पुत्री ने किया उद्घाटन



वेलकम इंडिया

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** क्षेत्र के गौर गांव (मिजार्मुराद) स्थित स्व.वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय में रविवार की दोपहर में सेवापुरी विधायक नीलरतन पटेल 'नीलू' की पुत्री अदिति पटेल द्वारा महाविद्यालय की 100 मेधावी छात्राओं के लिए निःशुल्क कंप्यूटर कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया गया ।अदिति पटेल ने कहां की महाविद्यालय में मेधावी छात्राओं के लिए निःशुल्क कंप्यूटर की जो सुविधा दिया गया है उससे छात्राओं को पढ़ाई से लेकर कंप्यूटर के बारे में काफी जानकारी मिलेगा ।आज के समय में कंप्यूटर की जानकारी होना बहुत ही जरूरी है किसी भी क्षेत्र में देखा जाए तो कंप्यूटर अनिवार्य हो गया है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक व भाजपा नेता संजीव सिंह गौतम, प्राचार्य डॉ. आशुतोष उपाध्याय, सचिव योगेश सिंह, प्रशासनिक अधिकारी अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित', संजय मिश्रा, डॉ. विजय सिंह, रामजी यादव, वीरेंद्र विश्वकर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# स्कॉर्पियो के धक्के से बाइक सवार दो गम्भीर रूप से घायल



**मिजार्मुराद कछवारोड़।** भिखारीपुर गांव (मिजार्मुराद) के सामने हाइवे पर वाराणसी से प्रयागराज जाने वाले मार्ग पर रविवार की सुबह 11 बजे के आसपास तेज रफ्तार बिना नंबर की स्कॉर्पियो ने बाइक में जोरदार धक्का मार दिया गया ।जिससे बाइक पर सवार रखौना गांव (मिजार्मुराद) निवासी आशीष पटेल उर्फ अर्जुन उम्र (30) वर्ष व कपसेठी थाना क्षेत्र के महाराजपुर निवासिनी सोनी पटेल पुत्री वसंत उम्र (17) वर्ष गम्भीर रूप से घायल हो गई ।ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे एसआई साबिर खान ने परिजनों व ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को इलाज हेतु निजी अस्पताल भेजवकर भर्ती करवाया ।वही क्षतिग्रस्त बाइक व धक्का मारने वाली स्कॉर्पियो को पुलिस ने कब्जे में लेकर पुलिस चौकी ले आई।

# थाना परिसर में पुलिस झंडा दिवस मनाया गया

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** रविवार को थाना प्रांगण में पुलिस झंडा दिवस मनाया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने क्वार्टर गार्ड पर सम्मानपूर्वक पुलिस ध्वज फहराया। इसके बाद उन्होंने सभी उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और जनसेवा के प्रति समर्पण भाव से कार्य करने की प्रेरणा दी। निरीक्षक सतीश कुमार ने उत्तर प्रदेश पुलिस के महानिदेशक का संदेश पढ़कर सुनाया और पुलिस बल की गौरवशाली परंपराओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।


उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस के अतुलनीय शौर्य, निष्ठा और उत्कृष्ट सेवाओं के सम्मानस्वरूप भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 23 नवंबर 1952 को लाल और नीले रंग का पुलिस ध्वज प्रदान किया था। उसी उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 23 नवंबर को पुलिस झंडा दिवस मनाया जाता है ।इस अवसर पर सभी पुलिस कर्मियों ने राष्ट्र सेवा, कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और जनता की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने की शपथ ली। कार्यक्रम में क्षेत्र के सभी उपनिरक्षक एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## विद्युत उपभोक्ता विद्युत बिल में भारी छूट का लाभ उठाएं: एक्सईन मनीष मथुरिया

**शिकारपुर।** विद्युत उपभोक्ताओं को उत्तर प्रदेश सरकार ने एक बार फिर से 1दिसंबर 2025 से 31मार्च 2025 तक तीन चरणों में घरेलू विद्युत संयोजन (2किलो बाट तक) वाणिज्यिक विद्युत संयोजन (1किलो बाट तक) विद्युत चोरी के प्रकरणों में बिल भुगतान में राहत हेतु भारी छूट के साथ बिजली बिल राहत योजना 2025 प्रारंभ हो रही है। योजना में एक मुश्त तथा मासिक किश्तों के माध्यम से विद्युत बिल में पहली बार शत प्रतिशत सरचार्ज में छूट के साथ 25 प्रतिशत मूलधन तथा विद्युत चोरी प्रकरणों में 50 प्रतिशत की छूट का फायदा उठाया जा सकता है। शिकारपुर एक्सईन मनीष मथुरिया ने बताया है कि इस योजना में ऐसे उपभोक्ता जिन्होंने कभी भी विद्युत बिल का भुगतान न किया हो तथा संयोजन तिथि 31- 3- 2025 अथवा इससे पूर्व की हो एवं ऐसे उपभोक्ता जिन्होंने अंतिम भुगतान 31- 03- 2025 अथवा इससे पूर्व में किया हो पात्र होंगे।

# मोहल्ला नूर नगर और कश्मीरी गेट में विशेष अभियान: नागरिकों को ऑनलाइन फॉर्म भरने में कर रहे मदद

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** लोकतंत्र में हर नागरिक का मत अनमोल है और इसे सुनिश्चित करने के लिए मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने मोहल्ला नूर नगर और कश्मीरी गेट में एक विशेष अभियान का आयोजन किया। यह पहल राष्ट्रीय संयोजक छात्र एवं मदरसा प्रकोष्ठ के मजाहिर खान रुहेला पठान के मार्गदर्शन और दिशा-निर्देशों के तहत की गई, ताकि निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे स्पेशल इंटेंसिव रिविजन कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके।

अभियान का नेतृत्व ब्रज प्रांत के सह-संयोजक हुजैफा फिरोजाबादी और उनकी टीम ने किया। इस अवसर पर नागरिकों को ऑनलाइन रिविजन फॉर्म भरने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों को फॉर्म भरने में व्यक्तिगत मदद प्रदान की गई, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि सभी योग्य मतदाता अपने मताधिकार का सही उपयोग कर सकें।

कार्यक्रम में जिला संयोजक मोहम्मद नसीम, जिला सह-संयोजक विकार हुसैन, नगर संयोजक अरशद अली, नगर सह-संयोजक ठाकुर अनवार अली सहित अन्य वरिष्ठ सदस्य मौजूद रहे। साथ ही इछड२ 254, 253, 255, 137, 202 और 204 ने अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान किया और नागरिकों के सवालों का समाधान किया।

इस अभियान के दौरान नागरिकों ने काफी उत्साह दिखाया। कई लोगों ने बताया कि ऑनलाइन फॉर्म भरने की प्रक्रिया जटिल लगती थी, लेकिन इस अभियान ने उन्हें पूरी सहायता प्रदान की। स्थानीय युवाओं और महिलाओं ने भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जिससे यह दिखाया गया कि लोकतंत्र में हर वर्ग की भागीदारी महत्वपूर्ण है।

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का यह अभियान केवल फॉर्म भरने तक सीमित नहीं था। इसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों को मतदान प्रक्रिया और रिविजन फॉर्म भरने की सही जानकारी देना, जागरूकता बढ़ाना और उन्हें तकनीकी व प्रशासनिक सहायता प्रदान करना था। मंच की इस पहल से यह संदेश भी गया कि लोकतंत्र केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है।

स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना की और इसे लोकतंत्र के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाला कदम बताया।

# विवाह पंचमी पर रघुनाथजी मंदिर से निकलेगी भव्य बारात



वेलकम इंडिया

**झांसी।** महानगर के शहर पसरट वाली गली स्थित श्री रघुनाथजी महाराज मंदिर में 25 नवम्बर को विवाह पंचमी पर भव्य बारात नगर भ्रमण को निकलेंगी। मंदिर में बुंदेली वैवाहिक परंपरा के अन्तगर्त मनमोहक कार्यक्रम होंगे।

रघुनाथ जी महाराज मंदिर में आयोजित पत्रकार वार्ता में समाज सेवी पीयूष रावत ने बताया कि विवाह पंचमी पर सभी कार्यक्रम बुंदेली परंपराओं के तहत आयोजित होंगे। रविवार को तेल, सोमवार को मंडप, मंगलवार को गाजे बाजे के साथ श्री राम की भव्य बारात निकाली जाएगी। बरात का जगह जगह भव्य स्वागत होगा। मंदिर में इसके पश्चात भावर, पांव पखराई, श्री राम कलेवा व भंडारा आदि कार्यक्रम होंगे। उन्होंने महानगर के सभी भक्तों से आग्रह किया कि वह अधिक से अधिक संख्या में विवाह पंचमी कार्यक्रमों में शामिल हो। इस अवसर पर प्रधान पुजारी बालकृष्ण नायक, विनोद अवस्थी, जीतू सोनी, प्रदीप त्रिपाठी, दीपेंद्र सिंह ठाकुर,पुरुकेश अमरिया,अमित रावत गोलू ,अतुल किल्पन,पुरुषोत्तम अग्रवाल मामा,सोनू पांडा विकास अवस्थी एवं रघुनाथ जी आरती परिवार के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

## ओवरलोड पिकअप जब्त रू34,000 जुर्माना

**बुलंदशहर/जहांगीराबाद।** परिवहन विभाग ने रविवार सुबह निरीक्षण अभियान के दौरान एक ओवरलोड पिकअप वाहन को कार्रवाई करते हुए जब्त कर कोतवाली में सीज कर दिया। वाहन में क्षमता से अधिक धान भरा हुआ पाया गया था। विभाग ने ओवरलोडिंग के लिए चालक पर रू34,000 का भारी जुमार्ना लगाया है। कार्रवाई की खबर फैलते ही मंडी क्षेत्र में धान लेकर आ रहे अन्य वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। पैसेंजर टैक्स ऑफिसर विकास अस्थाना ने बताया कि नियमित जांच के दौरान टीम ने एक पिकअप वाहन को रोका। जांच में स्पष्ट हुआ कि वाहन में निर्धारित सीमा से अधिक धान भरा हुआ था, जो नियमों का उल्लंघन है। अधिकारियों ने तुरंत प्रभाव से वाहन को पुलिस के सुपुर्द करते हुए कोतवाली में सीज करा दिया।

# दो पक्षों में हुआ खूनी संघर्ष आधा दर्जन घायल

वेलकम इंडिया





**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव आल्दी मे पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में कहासुनी होने के बाद जमकर लाठी डंडे व धारदार हथियार चले जिसमें दोनों और से आधा दर्जन महिला पुरुष घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर सभी घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

थाना क्षेत्र के गाव आल्दी निवासी रोहतास पक्ष एवं विनोद पक्ष में पुरानी रंजिश चल रही है। बीते दिनों विनोद के दामाद बसंत निवासी ग्राम सुन्ना व रोहतास के पुत्र सनुज के बीच फोन पर गाली गलौज हुई थी और एक दूसरे ने देख लेने की धमकी दी थी। गत शनिवार को आल्दी निवासी अंग्रेज के पुत्र रितेश की शादी थी। शादी समारोह में विनोद का परिवार हरिद्वार से शिरकत करने के लिए आया हुआ था। रविवार को पुरानी रंजिश को लेकर दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे व धारदार हथियार चले। खूनी संघर्ष में रोहतास पक्ष से सनूज व अनूज पुत्र रोहतास, एवं रुचि और साक्षी पुत्री रोहतास, विनोद पक्ष से विनोद बसंत एवं विनोद की पुत्री मानवी घायल हो गई। झगड़े की सूचना पर पहुंची पुलिस ने झगड़ा कर रहे लोगों पर हल्का बल प्रयोग करते हुए सभी घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्साकों ने कई घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया और कई घायलों को छुट्टी दे दी। दोनों पक्षों के लोगों ने एक दूसरे के विरुद्ध आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है। पुलिस ने मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि दो पक्षों के बीच मारपीट हुई थी. दोनों पक्षों की तहरीर मिली है पुलिस जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# यातायात माह-2025: राजनगर एक्सटेंशन में चला सबसे प्रभावी सड़क सुरक्षा अभियान

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** पुलिस आयुक्त जे. रविन्द्र गौड़ के मार्गदर्शन में जिले में चल रहे यातायात माह-2025 को प्रभावी बनाने के लिए पूरी पुलिस टीम सक्रिय है, लेकिन इनमें सबसे अलग पहचान नंदग्राम की सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) उपासना पाण्डेय ने बनाई है। उनकी नेतृत्वशैली, संवेदनशीलता और सख्त-नरम दोनों तरह के संतुलित व्यवहार ने सड़क सुरक्षा अभियान को नई दिशा दे दी है।

शनिवार रात राजनगर एक्सटेंशन चौराहा जागरूकता और अनुशासन का केंद्र बन गया। नंदग्राम थाना क्षेत्र की डिजिटल वॉलंटियर फोर्स (डीवीएफ) और यातायात पुलिस कमिश्नरेट ने संयुक्त रूप से एक बड़ा जागरूकता अभियान चलाया, जिसकी हर किसी ने सराहना की। अभियान के दौरान एसीपी उपासना पांडे ने लोगों से संवाद करते हुए कहा कि ट्रैफिक नियमों को हल्के में लेना किसी बहादुरी का प्रमाण नहीं, बल्कि अपनी और अपनों की जान को खतरे में डालने जैसा है। उन्होंने हेलमेट, सीट बेल्ट, स्पीड लिमिट और ओवरलोडिंग पर विशेष जोर देते हुए कहा एक छोटी सी लापरवाही सड़क पर जिंदगी खत्म कर देती है, और घरों को उजाड़ देती है। नियम पालन आदत नहीं, जिम्मेदारी है। उनकी बातों का लोगों पर गहरा प्रभाव पड़ा और कई लोग तुरंत हेलमेट लगाकर तथा सीट बेल्ट ठीक करके आगे बढ़ते दिखे। राजनगर एक्सटेंशन चौराहे पर सबसे प्रभावी अभियान-पुलिस और जनता दोनों की सक्रिय भागीदारी अभियान के तहत चौराहे पर रुकने वाले हर वाहन चालक को नियम पालन के महत्व से अवगत कराया गया। नियम मानने वालों को फूल और फ्रूटी देकर सम्मानित किया गया, जिससे लोगों में जागरूकता का सकारात्मक माहौल बना। वहीं नियम तोडे वालों को चालान के साथ विस्तार से समझाया गया कि उनका उल्लंघन किस तरह दुर्घटनाओं की वजह बन सकता है।इस अभियान की पूरी जान रही एसीपी उपासना पाण्डेय की कार्यशैली रही। वे चौराहे पर स्वयं जाकर हर वाहन चालक से संवाद करती रहीं। महिलाओं, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों—हर वर्ग से सहजता से बात कर ट्रैफिक नियमों का महत्व समझाया। बच्चों के साथ विशेष रूप से हेलमेट व सीट बेल्ट को लेकर संवाद उनके मानवीय चेहरे को दशार्ता है। वहीं नियम तोड ? वालों के प्रति वे उतनी ही सख्ती से पेश आईं और स्पष्ट चेतावनी भी दी। जनता ने उनकी कार्यशैली की तारीफ करते हुए कहा कि ऐसे अधिकारी सड़क सुरक्षा को सच में जनआंदोलन बना सकते हैं। अभियान में कविनगर एसीपी सूर्यबली मौर्य भी पहुंचे और टीम की हौसला अफजाई की। इसके अलावा मैदान में सक्रिय रहे।

इंडियन रेड क्रॉस गाजियाबाद के सभापति सुभाष गुप्ता, थाना प्रभारी नंदग्राम उमेश कुमार, यातायात निरीक्षक जे.एस. पाठक, मनवीर सिंह, डीवीएफ कोऑर्डिनेटर अंकित गुप्ता और पूरी डीवीएफ टीम ने मिलकर व्यवस्थित ट्रैफिक प्रबंधन, पम्पलेट वितरण, जागरूकता संदेशों और वाहन चालकों की सहायता में उत्कृष्ट भूमिका निभाई। इस अभियान का लक्ष्य स्पष्ट था: सड़क सुरक्षा नियमों को दैनिक जीवन में उतारना, नागरिकों को यह समझाना कि नियमों का पालन जीवन रक्षा का पहला कदम है। ट्रैफिक अनुशासन को सामाजिक जिम्मेदारी बनाना है। अभियान के चलते कई लोगों ने स्वयं स्वीकार किया कि वे आगे से बिना हेलमेट नहीं चलेंगे, सीट बेल्ट लगाएंगे और स्पीड लिमिट का पालन करेंगे। यह इस अभियान की सबसे बड़ी सफलता मानी जा रही है।

# बार एसोसिएशन गाजियाबाद का पदाधिकारी बनने पर सुनील कुमार व विनय कुमार पंवार को किया सम्मानित

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,(अनिल वशिष्ठ)।** निवाड़ी रोड स्थित मोदीनगर चर्चा न्यूज के कार्यालय पर बार एसोसिएशन गाजियाबाद से मोदीनगर निवासी विनय कुमार पंवार कनिष्ठ उपाध्यक्ष व सुनील कुमार सहसचिव प्रशासन के पद पर विजेता बनने पर एडवोकेट अजय कुमार सैन के द्वारा स्वागत व सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में एडवोकेट अजय कुमार सैन ने सभी अधिवक्ता साथियों के साथ संयुक्त रूप से अपने दोनों नवनिर्वाचित अधिवक्ताओं को फूलमाला पहनाकर पुष्पगुच्छ व प्रतीक चिन्ह भेंटकर भव्य स्वागत करते हुए सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रमोद तंवर व राजकुमार सैन मेरठ मण्डल प्रभारी बसपा द्वारा दोनों अधिवक्ता सुनील कुमार व विनय कुमार पंवार को बार एसोसिएशन गाजियाबाद के पदाधिकारियों के रूप में चुने जाने पर आशीर्वाद देकर बधाई व शुभकामनाएं प्रदान की गई। सभी अधिवक्ता साथियों ने मिलकर गाजियाबाद बार एसोसिएशन जिन्दाबाद व वकील एकता जिन्दाबाद के नारों से खुशी जाहिर करते हुए सभी का मनोबल और अधिक बढ़ा दिया।इस कार्यकम में सुनील कुमार सहसचिव प्रशासन व विनय कुमार पंवार कनिष्ठ उपाध्यक्ष ने अपने जोरदार स्वागत व सम्मान के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि हम गाजियाबाद बार एसोसिएशन के अधिवक्ता हितों व कार्यों के लिए अपने अधिवक्ता साथियों के साथ हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर चलते रहेंगे।इस खुशी के मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता प्रमोद तंवर पूर्व शासकीय अधिवक्ता,राजकुमार सैन मेरठ मंडल प्रभारी बसपा,एडवोकेट कमल किशोर पूर्व सहचंसचिव पुस्तकालय,एडवोकेट अनिल भड़ाना, एडवोकेट नीरज कश्यप,एडवोकेट राहुल कुमार,एडवोकेट अजय कुमार सैन,एडवोकेट गौरव कुमार,एडवोकेट पंकज कुमार,अंकित चौधरी,विशाल ठाकुर आदि लोग उपस्थित रहे।

# जीडीए उपाध्यक्ष ने मधुबन-बापूधाम योजनाओं का किया व्यापक निरीक्षण



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) की महत्वाकांक्षी मधुबन-बापूधाम योजना में निमार्णाधीन परियोजनाओं में अब गति और गुणवत्ता दोनों सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। रविवार को जीडीए उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल ने लगभग तीन घंटे तक मधुबन-बापूधाम योजना के विभिन्न निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को स्पष्ट रूप से आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह और प्रभारी चीफ इंजीनियर आलोक रंजन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित 856 ईडब्ल्यूएस भवनों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी भवनों की गुणवत्ता और निर्माण की स्थिति को संतोषजनक पाया और आवंटियों के पक्ष में रजिस्ट्री प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही ईडब्ल्यूएस और एलआईजी फ्लैट्स, कांशीराम आवास योजना के पूर्व निर्मित भवनों, पार्कों और आंतरिक मार्गों की स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक अनुरक्षण और मरम्मत कार्य कराने के निर्देश दिए। उपाध्यक्ष ने टू-बीएचके अफोर्डेबल हाउसिंग और नई सेक्टर योजना के भवनों के प्रचार-प्रसार और बिक्री तेज करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही योजना क्षेत्र में उपलब्ध रिक्त भूमि पर व्यावसायिक और आवासीय योजनाओं का विकास सुनिश्चित करने के आदेश दिए। मधुबन-बापूधाम योजना में निमार्णाधीन बुनकर मार्ट (कन्वेंशन सेंटर) की प्रगति का निरीक्षण करते हुए उपाध्यक्ष ने निर्धारित समयावधि के भीतर कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बुनकर मार्ट परिसर के आसपास के मार्गों पर उच्चस्तरीय ग्रीन बेल्ट और चौराहों का सौंदर्यीकरण सुनिश्चित किया जाए। उपाध्यक्ष ने योजना में जीडीए के नए कार्यालय भवन का स्थलीय निरीक्षण किया और ग्रैप-3 के सभी मानकों का पालन, पानी का नियमित छिड़काव, और अन्य निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। नंद किशोर कलाल ने अंतरराष्ट्रीय स्तर का गोलचक्कर (राउंडअबाउट) विकसित करने के निर्देश दिए, जिसमें स्थानीय नागरिकों के लिए सुविधाएँ, बच्चों के लिए मनोरंजन कोर और विकसित भारत थीम के अनुरूप सौंदर्यीकरण शामिल होगा। उन्होंने नॉर्दर्न पेरीफेरल रोड (45 मीटर चौड़ी रोड) का निर्माण प्राथमिकता पर शुरू कराने के निर्देश दिए, ताकि योजना क्षेत्र में यातायात की सुगमता सुनिश्चित की जा सके। उपाध्यक्ष ने योजना के सभी पार्कों और सार्वजनिक स्थलों के विकास पर जोर दिया।

उन्होंने निर्देश दिए कि बेंच, वॉकिंग पाथ, लाइटिंग और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था उच्चतम स्तर पर की जाए। सेंट्रल वर्ज, ग्रीन बेल्ट और साइड वर्ज में वृक्षों की छंटाई, रेलिंग की रंगाई और सौंदर्यीकरण कार्य नियमित रूप से कराए जाएँ।

# पुलिस झंडा दिवस: तिरंगा और पुलिस कलर के साथ मनाया गौरवशाली दिन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** हरसांव स्थित रिजर्व पुलिस लाइंस में पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तिरंगा झंडा फहराया गया और पुलिसकर्मियों की वर्दी पर पुलिस कलर का स्टीकर लगाकर उन्हें गौरवपूर्ण सम्मान दिया गया। एडिशनल पुलिस कमिश्नर मुख्यालय एवं अपराध केशव कुमार चौधरी ने परेड ग्राउंड में पुलिस ध्वज फहराया और उपस्थित पुलिसकर्मियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पुलिस झंडा दिवस पुलिस के लिए गौरव और शान का प्रतीक है। उन्होंने पुलिस कलर के महत्व को याद करते हुए कहा कि यह स्टीकर अदम्य निष्ठा और जनसेवा के संकल्प को दशार्ता है। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक का संदेश भी उपस्थित सभी को पढ़कर सुनाया गया। कार्यक्रम में पुलिस उपायुक्त लाइन निमिष पाटील, पुलिस उपायुक्त ट्रैफिक त्रिगुन बिसेन, सहायक पुलिस आयुक्त लिपि नगायच, प्रतिसार निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और पुलिसकर्मी मौजूद रहे। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान पुलिसकर्मियों को अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने और पुलिस ध्वज की गरिमा बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। एडिशनल पुलिस कमिश्नर कानून-व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी ने पुलिस कार्यालय पर भी ध्वजारोहण किया और सभी पुलिसकर्मियों को सलामी दी। उन्होंने कहा कि पुलिस ध्वज अनुशासन, सेवा और समर्पण का प्रतीक है, जिसे बनाए रखना प्रत्येक पुलिसकर्मी की जिम्मेदारी है। पुलिस झंडा दिवस के मौके पर पुलिस उपायुक्त ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी ने ग्रामीण जोन क्षेत्र के थाना मुरादनगर पर ध्वजारोहण किया और सभी पुलिसकर्मियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने पुलिस महानिदेशक का संदेश भी पढ़कर सुनाया। इसी प्रकार, जिले के अन्य सभी थानों और एसीपी अपने-अपने सर्किल क्षेत्रों में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित कर पुलिसकर्मियों को प्रेरित किया। पुलिस झंडा दिवस हर साल 23 नवंबर को मनाया जाता है। यह दिन पुलिसकर्मियों के अनुशासन, सेवा और समर्पण का प्रतीक है। पुलिसकर्मियों को याद दिलाया जाता है कि उनका कर्तव्य केवल कानून प्रवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि जनता की सुरक्षा और विश्वास बनाए रखना भी उनका प्रमुख दायित्व है। पुलिस कलर और ध्वज का महत्व इस बात की याद दिलाता है कि हर पुलिसकर्मी को अपने कार्य में निष्ठा और पारदर्शिता बनाए रखनी चाहिए। इस कार्यक्रम के माध्यम से न केवल पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया, बल्कि सुरक्षा और सेवा के प्रति प्रतिबद्धता को भी पुनः सशक्त किया गया। जिले के विभिन्न थानों और सर्किलों में हुए ध्वजारोहण ने पुलिस की समर्पित सेवा और अनुशासन की भावना को सभी के सामने उजागर किया।

# शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में भव्य जागृति यात्रा का आयोजन किया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,(अनिल वशिष्ठ)।** गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा, गोविंदपुरी से भव्य जागृति यात्रा का आयोजन किया गया। इस पावन यात्रा में पंजाबी संगठन मोदीनगर, महिला पंजाबी संगठन, तथा लायंस क्लब मोदीनगर उड़ान इंटरनेशनल ने विशेष रूप से बढ़-चढ़कर भाग लिया और गुरु महिमा व राष्ट्रधर्म के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

यात्रा के उपरांत गुरुद्वारे के प्रबंधक मंडल द्वारा दोनों संगठनों के सम्मान में विशेष सत्कार समारोह आयोजित किया गया, जिसमें पंजाबी संगठन मोदीनगर के अध्यक्ष अजय ग्रोवर तथा महिला पंजाबी संगठन की अध्यक्ष डॉ. शालिनी नैय्यर को गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के प्रधान जी द्वारा सम्मानित किया गया। उपस्थित संगठनों के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए प्रधान जी ने कहा कि सामाजिक और आध्यात्मिक एकता के इस यत्न में दोनों संगठनों की भूमिका अत्यंत प्रेरणादायक है। इस कार्यक्रम में डॉ. शालिनी नैय्यर के साथ जितेंद्र कौर कवलजीत कौर रंजीत कौर सरबजीत कौर गुरविंदर कौर वंदना दुग्गल मनजीत कौर बलदेव कौर हरबीर कौर हरिंदर कौर , हर्षिता चौधरी, अमिता आहूजा, परमजीत कौर, रोजी आनंद, कोमल शर्मा व गुरमीत जी सहित कई सदस्य उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे तथा संगत के साथ सेवा में शामिल हुए।

# नमो भारत ट्रेन में करें बर्थडे पार्टी और शूटिंग

**मेरठ।** नमो भारत के खड़े कोच में कोई भी आयोजन करने के लिए पांच हजार रुपये प्रतिघंटा फीस लगेगी। वहीं चलती ट्रेन में पार्टी का आनंद लेना है, तो आठ हजार रुपये प्रतिघंटा देना होगा। वहीं 20 हजार रुपये सिक्योरिटी मनी भी देनी होगी, जोकि रिफंडेबल है। नमो भारत ट्रेन में अब सुहाने सफर के साथ यादगार लम्हों को संजोने का भी मौका मिलेगा। एनसीआरटीसी जीवन के खास पल देश की पहली सेमी हाई-स्पीड रीजनल रेल नमो भारत में यादगार बनाने का अवसर देगा। जन्मदिन, एनिवर्सरी, प्री-वेडिंग शूट या कोई भी खुशी का मौका आप नमो भारत के कोच में मना सकते हैं। इसके लिए स्टेशन पर कोच खड़ा है तो पांच हजार रुपये और चलती नमो भारत का कोच बुक करने के लिए प्रतिघंटे आठ हजार रुपये खर्च करने होंगे। 160 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली यह ट्रेन अब सिर्फ यात्रा का साधन नहीं, बल्कि यादों की साथी भी बनेगी। कोई भी व्यक्ति, इवेंट ऑर्गनाइजर या फोटोग्राफी टीम स्टेशन पर खड़ी या परिचालित ट्रेन का कोच पहले से बुक कर सकता है।

# शादी में दुल्हन की मां के बैग से 2.50 लाख चोरी

वेलकम इंडिया

**मुरादनगर (गाजियाबाद)।** चोरी करने की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ने वीडियो के साथ मुरादनगर थाने में शिकायत दी। दिल्ली-मेरठ मार्ग पर गंगनहर पुल के पास एक फार्म हाउस में शादी समारोह में दुल्हन की मां के बैग से 2.50 लाख रुपये की नकदी चोरी के मामले में पुलिस ने 15 दिन बाद रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस वीडियो के आधार पर चोर की तलाश कर रही है। गांव नगला मूसा निवासी हबीव की बेटी की शादी आठ नंवबर को दिल्ली-मेरठ मार्ग पर गांव अबूपुर स्थित लवकुश फार्म हाउस में हुई थी। हबीव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शादी समारोह के दौरान उनकी पत्नी जायदा के बैग से ढाई लाख रुपये की नकदी चोरी कर ली। चोरी करने की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ने वीडियो के साथ मुरादनगर थाने में शिकायत दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। एसीपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर समीर निवासी रावली रोड के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# मॉडर्न स्कूल में बीएलओ बैठक में बड़ी संख्या में पहुंचे मतदाता, पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल ने संभाली व्यवस्थाएँ

वेलकम इंडिया

- अपनी टीम के साथ आने वाले सभी मतदाताओं को आवश्यक सहायता प्रदान की
- स्थल पर कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे



**गाजियाबाद।** वैशाली सेक्टर-1 स्थित मॉडर्न स्कूल में रविवार को बूथ लेवल अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे। इछड ने पहले से भरे गए फॉर्म एकत्र किए तथा वे लोग जो पिछले दिनों संपर्क में नहीं आ पाए थे, वे भी आज पहुंचकर अपने फॉर्म जमा कर सके।

कार्यक्रम में भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल ने सम्पूर्ण व्यवस्था की कमान संभाल रखी थी। उन्होंने स्वयं तथा अपनी टीम के साथ आने वाले सभी मतदाताओं को आवश्यक सहायता प्रदान की। फॉर्म भरने, दस्तावेजों की जांच से लेकर प्रक्रिया संबंधी मार्गदर्शन तक का कार्य व्यवस्थित रूप से किया गया, ताकि किसी को भी किसी प्रकार की असुविधा न हो। स्थल पर कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे, जिनमें प्रमुख रूप से अवधेश कटिहार, सुभाष शर्मा, शिव शंकर उपाध्याय, पवन गुप्ता, विमला भट्ट, गौरव अग्रवाल, प्रहलाद सिंह, योगेश शर्मा, अशोक गुप्ता और भूपेंद्र शामिल थे। ये सभी उपस्थित मतदाताओं की सहायता करने में सक्रिय रहे।

# लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण कार्य में अपनी भागीदारी निभायें गणना प्रपत्र अवश्य भरे : जिला निर्वाचन अधिकारी



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** श्री रविन्द्र कुमार माँदड जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी, गाजियाबाद द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश दिनांक 27.10.2025 के क्रम में वर्तमान में सम्प्रति चल रहे विशष प्रगाढ पुनरीक्षण-2026 के तहत गणना अवधि में निर्वाचकों की शंकाओं के निस्तारण एवं निर्वाचकों के अधिक से अधिक गणना प्रपत्र एकत्रित करने हेतु दिनांक 24.11.2025 (सोमवार) को विशेष अभियान का आयोजन किया गया है, जिसके तहत प्रत्येक बी.एल.ओ. अपने मतदेय स्थल के क्षेत्र में घर-घर भ्रमण कर निर्वाचकों को गणना प्रपत्र भरने में सहायता प्रदान करेंगे तथा निर्वाचकों के भरे हुए गणना प्रपत्र एकत्रित कर उन्हें डिजिटाइज करेंगे।

विशेष अभियान के तहत आप सभी सम्मानित मतदाताओं से अपील है कि वर्तमान में चल रहे एसआईआर की प्रक्रिया के अन्तर्गत अपने गणना प्रपत्र / बी.एल.ओ. द्वारा दिये गये फार्म में पूर्ण विवरण भरकर बी.एल.ओ. को दे दें, ध्यान रहे पावती लेना ना भूले। यदि आपके द्वारा अपना गणना प्रपत्र बी.एल.ओ. को नहीं दिया जायेगा तो आप अनुपस्थित श्रेणी में माने जायेंगे और आपका नाम मतदाता सूची से कट सकता है। यह फार्म आपके मतदाता होने के जांच करने के लिए आवश्यक है। फार्म के साथ किसी भी प्रकार का दस्तावेज देने की जरूरत नहीं है। किसी समस्या के लिये टोल फ्री नम्बर 1950 पर कॉल करें। यह कार्य लोकतंत्र में भागीदारी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसमें लापरवाही ना करें। लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण कार्य में अपनी भागीदारी निभायें।

## रियल-11 फैंटेसी ऐप का गेटवे हैक कर 1 करोड़ से अधिक की ठगी, बीटेक छात्र गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** साइबर थाना पुलिस ने रियल-11 फैंटेसी गेमिंग ऐप का गेटवे हैक कर करोड़ों की ठगी करने वाले एक बीटेक छात्र को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी उत्सव मंडल, पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी का रहने वाला है और वहीं से बीटेक (कंप्यूटर साइंस) की पढ़ाई कर रहा है। पुलिस के अनुसार, उत्सव मंडल ने जुलाई 2024 से नवंबर 2024 के बीच ऐप के पेमेंट गेटवे में सेंध लगाई थी। हैरानी की बात यह है कि आरोपी गेटवे में सिर्फ ?1 दर्ज करता था, जिसे अपनी हैकिंग तकनीक की मदद से बढ़ाकर ?2,000 से लेकर ?1,00,000 तक कर देता था। इसी तरीके से उसने करीब 20 अलग-अलग खातों में 1 करोड़ रुपये से अधिक की राशि डालकर कंपनी को भारी चूना लगाया। जांच में सामने आया कि आरोपी लंबे समय से फैंटेसी ऐप के बैकएंड और पेमेंट प्रोसेसिंग सिस्टम की खामियों का अध्ययन कर रहा था। उसने इसी तकनीकी ज्ञान का दुरुपयोग करते हुए सिस्टम में हेरफेर किया और ट्रांजेक्शन अमाउंट को मनचाहे तरीके से बढ़ाता रहा। रियल-11 कंपनी की शिकायत के बाद साइबर थाना पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू की। ट्रांजेक्शन ट्रेल और डिजिटल फुटप्रिंट्स को खंगालने के बाद पुलिस आरोपी तक पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि उत्सव मंडल ने अपराध स्वीकार कर लिया है और उसके लैपटॉप, मोबाइल फोन व अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त कर लिए गए हैं। डिवाइसों की फॉरेंसिक जांच जारी है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि आरोपी ने कितने समय से और किन-किन प्लेटफॉर्मों पर इसी तरह की धोखाधड़ी की है।

## गाज़ियाबाद में हवा 'गंभीरज श्रेणी में, एक्यूआई 437; आठ दिन से हालात बेकाबू

**गाज़ियाबाद।** जिले में ग्रेप (ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान) लागू होने के बावजूद प्रदूषण का स्तर लगातार आठवें दिन भी गंभीर श्रेणी में बना हुआ है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (उढउइ) के अनुसार, रविवार को शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (अदक) 437 दर्ज किया गया, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक स्तर है। जहरीली हवा के कारण लोगों को सांस लेने में दिक्कत, आंखों में जलन, सिरदर्द और गले में खराश जैसी समस्याएं बढ़ गई हैं। इसके बावजूद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और संबंधित विभागों की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। प्रदूषण रोकथाम में नाकामी साफ दिख रही है। शहर में जगह-जगह निर्माण सामग्री खुली पड़ी है, सड़कें धूल से अटी हैं और ऑल-ओल्ड (उम्र पूरी कर चुके) वाहन अभी भी सड़कों पर दौड़ रहे हैं।

## कैंसर की दवाओं की तस्करी करने वाला गैंग बेनकाब, तीन गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** पुलिस ने कैंसर की महंगी दवाओं की तस्करी में लिप्त एक गैंग का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गैंग दिल्ली में उꤗꤛर को सप्लाई होने वाली दवाएं चोरी कर महाराष्ट्र और दिल्ली में महंगे दामों पर बेच रहा था। हैरानी की बात यह है कि आरोपी एक्सपायर्ड कैंसर की दवाएं और कोल्ड चेन में रखने वाली दवाएं भी खुले में बेच रहे थे।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में राजनगर एक्सटेंशन के ऑफिसर सिटी निवासी विश्वास त्यागी, मुरादनगर के शाहजहांपुर गांव निवासी प्रिंस त्यागी, और आगरा के बोदला सेक्टर 4 के रहने वाले आकाश शर्मा शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, विश्वास त्यागी 'डा मेडिसिन हबज्नाम की दवा एजेंसी चलाता था, लेकिन दो साल पहले नकली दवा मामले में पकड़ा जा चुका है और उसका लाइसेंस भी रद्द किया जा चुका है। इसके बावजूद वह उसी नाम से धंधा करता रहा। पुलिस जांच में सामने आया कि आकाश शर्मा दिल्ली से कैंसर की दवाएं लाता था, जिन्हें विश्वास त्यागी आगे थ्राइव फार्मा, यत्नेश फार्मा और ब्रदर्स फार्मा को बेचकर मोटा मुनाफा कमाता था। दस्तावेजों में दिखाया जाता था कि ये दवाएं गाजियाबाद की केयर हुड, चावड़ी बाजार की आरबी एंटरप्राइजेज और ओखला की नोविता फार्मा से खरीदी गई हैं।

एएसपी क्राइम पीयूष कुमार सिंह के अनुसार, आरोपियों के पास से करीब ?19 लाख की दवाएं और ?8.85 लाख की कीमत की एक कार बरामद की गई है। जब्त दवाओं में कैंसर इलाज में इस्तेमाल होने वाला महंगा इंजेक्शन काट्रोर्डा भी शामिल है, जिसकी असली कीमत ?2.16 लाख है। विश्वास त्यागी इसे केवल ?80,000 में खरीदकर आगे बेचकर भारी रकम कमा रहा था। जांच में यह भी पता चला है कि आरोपी दिल्ली के रोहिणी स्थित रघुनंदन मेडिकल स्टोर के संचालक को सीजीएचसी टैग हटाने के लिए पैसे देते थे।

## ठण्डी पछुआ हवाओं के प्रभाव से तापमान में आ रही क्रमिक गिरावट जारी रहने की संभावना

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** प्रदेश में कोई भी सक्रिय मौसम तंत्र नहीं होने तथा फिर से शुरू हुई ठण्डी एवं शुष्क पछुआ/उत्तरी-पश्चिमी हवाओं से प्रदेश के तापमान में आ रही गिरावट मे आगामी 2-3 दिनों के दौरान 2-3त्ड की क्रमिक गिरावट आने से ठण्ड में क्रमिक बढ़ोत्तरी होने तथा सुबह (भोर) के समय कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम कोहरे के साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश के भाभर तराई क्षेत्र में कहीं-कहीं घना कोहरा पड़ने की संभावना है जिसके दिन चढ़ने पर छंटने के बावजूद दिन में धुन्ध बनी रहने की संभावना है इसी क्रम में आज सुबह बरेली (दृश्यता-00 मीटर), मुरादाबाद (दृश्यता-50 मीटर) एवं कानपुर (दृश्यता-100 मीटर) में घना कोहरा तथा आगरा, गोरखपुर एवं अमेठी में मध्यम जबकि अयोध्या, कुशीनगर, वाराणसी, आजमगढ़, अलीगढ़ एवं प्रयागराज में हल्का कोहरा दर्ज किया गयो वहीं आज राजधानी लखनऊ में भी 600 मीटर दृश्यता के साथ सुबह हल्का कोहरा रहो।

## मतदाता सूची के विशेष अभियान में भाजपा की व्यापक भागीदारी, शहरभर के बूथों पर दिखी सक्रियता

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** मतदाता सूची के एसआईआर विशेष अभियान के तहत रविवार को भाजपा महानगर इकाई ने शहरभर के सभी मतदान केंद्रों पर व्यापक उपस्थिति दर्ज कराई। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, बूथ स्तर के कार्यकर्ता और सभी संगठन इकाइयों के सदस्य पूरे दिन इछड के साथ विभिन्न मतदेय स्थलों पर मौजूद रहे। इस दौरान आमजन को गणक फॉर्म भरवाने, जमा कराने तथा मतदाता सूची में नाम जोड ?झसुधार संबंधी कार्यों में तत्काल सहायता प्रदान की गई। भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी भी अपने संबंधित बूथों और गृह वार्ड 71 के सभी बूथों पर लगातार मौजूद रहे। वे ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल (संजय नगर सेक्टर-23), डीडीपीएस, रामकिशन इंस्टीट्यूट और भगीरथ पब्लिक स्कूल पहुंचे, जहाँ उन्होंने स्थानीय नागरिकों की समस्याएँ सुनकर समाधान हेतु आवश्यक दिशाझनिर्देश दिए। उनके साथ मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी, अभिनव मुखर्जी, अनिल अरोड़ा समेत अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। टीम ने मतदाताओं को गणक फॉर्म भरवाने में सहायता के साथ-साथ मतदाता सूची संशोधन की पूरी प्रक्रिया समझाई। कार्यकताओं ने लोगों को 9 दिसंबर से शुरू होने वाले नव मतदाता जोड़ो अभियान के बारे में जागरूक किया और फॉर्म-6, 6इ, 7 एवं 8 की प्रक्रिया समझाकर अधिक से अधिक नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जोडे व सुधार कराने के लिए प्रेरित किया। अभियान के महानगर संयोजक सुभाष शर्मा, गेल डायरेक्टर संजय कश्यप, पार्षदगण एवं मंडल अध्यक्ष भी जिम्मेदारी से अभियान को सफल बनाने में जुटे रहे।

## निशुल्क चिकित्सा एवं रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक आयोजित

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** भारतीय वैश्य ग्लोबल फाउंडेशन और राजनगर आरडब्ल्यूए द्वारा रविवार को राजनगर रामलीला मैदान में निशुल्क चिकित्सा शिविर और रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम यतंती केयर फाउंडेशन और पीजीआई नोएडा के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराई और अनेक लोगों ने रक्तदान कर मानव सेवा की मिसाल पेश की। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसीपी सूर्यबलि मोर्या एवं निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष, पार्षद प्रवीण चौधरी ने किया। राजनगर आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष सीए डी.के. गोयल और भारतीय वैश्य ग्लोबल फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीए विनय मित्तल ने बताया कि शिविर में विभिन्न रोगों की जांच हेतु कई विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएँ दीं। शिविर में जनरल फिजिशियन, कार्डियोलॉजिस्ट, डायटिशियन, दंत एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ समेत कई विशेषज्ञ मौजूद रहे। उपस्थित विशेषज्ञों में मैक्स वैशाली के आथोर्पेडिक विशेषज्ञ डॉ. निकुंज अग्रवाल, सर्जन डॉ. सुनील धर, फिजियोथेरपी विशेषज्ञ डॉ. संजय सिरोही, त्वचा एवं यौन रोग विशेषज्ञ डॉ. हर्षवर्धन, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुचित्रा वर्मा, डॉ. शीतला प्रसाद, डॉ. गौरव मिनोचा शामिल रहे।

## साहिबाबाद में बिजली बिल राहत स्कीम की तैयारी पूरी, 67,977 डिफॉल्टरों को मिलेगा फायदा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** बिजली निगम ने जिले के डिफॉल्टर उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए बिजली बिल राहत स्कीम के लिए लाभार्थियों की सूची तैयार कर ली है। इस स्कीम का फायदा 67,977 उपभोक्ताओं को मिलेगा। योजना के तहत 100' ब्याज (सरचार्ज) माफी और 25' मूलधन में छूट दी जाएगी। बिजली निगम ने जागरूकता अभियान तेज कर दिया है और डिफॉल्टरों को जानकारी देने के लिए अलग-अलग स्तरों पर नोटिस, पब्लिक अनाउंसमेंट और फोन कॉल किए जा रहे हैं। जिले को तीन जोन में बांटा गया है। जोन 1: गाजियाबाद शहर, जोन 2: लोनी, मुरादनगर, मोदीनगर, जोन 3: ट्रांस हिंडन क्षेत्र, इनमें जोन 2 में सबसे अधिक 56,662 डिफॉल्टर हैं, जबकि जोन 1 और 3 में लगभग 5,000 से 6,000 डिफॉल्टर शामिल हैं। स्कीम में वे उपभोक्ता भी लाभान्वित होंगे जो 'नेवर पेडज कैटेगरी में आते हैं—यानी कनेक्शन लेने के बाद कभी बिजली बिल नहीं चुकाया और वे उपभोक्ता जो लंबे समय से बकाया नहीं भर रहे हैं (लॉन्ग अनपेड)। यह राहत योजना 1 दिसंबर से लागू होगी। एकमुश्त पूरा बकाया चुकाने पर उपभोक्ताओं को ब्याज पर 100' और मूलधन पर 25' की छूट मिलेगी। निगम ने बताया कि 5,000 से अधिक बकाया वाले उपभोक्ताओं को प्राथमिकता के आधार पर नोटिस भेजे जा रहे हैं और उन्हें स्कीम का विस्तृत लाभ बताया जा रहा है। सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर, बिजली शहरी वितरण डिविजन-2, अखिलेश सिंह ने बताया कि सभी डिफॉल्टरों की लिस्ट तैयार कर ली गई है और 1 दिसंबर से उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलना शुरू हो जाएगा।

# शाहोथॉन में जोश से दौड़ी दिल्ली फिटनेस प्रेमियों ने उत्साह से भाग लेकर राष्ट्र निर्माण, कर्तव्य भावना एवं संविधान जागरूकता का दिया संदेश

वेलकम इंडिया







**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में रविवार को वॉइस ऑफ कॉन्स्टीट्यूशन की तरफ से 'भारत का भविष्य-शाहोथॉन 2025' का आयोजन किया गया। इस हाफ मैराथन में युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं फिटनेस प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर राष्ट्र निर्माण, कर्तव्य भावना एवं संविधान जागरूकता का सशक्त संदेश दिया। शाहोथॉन का शुभारंभ शामली जिले के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मनीष चौहान ने किया। इस अवसर पर रिसर्च एवं नीति भाजपा के राष्ट्रीय सह-प्रभारी विनय चौधरी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि मुकेश सिंह अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान हजारों प्रतिभागियों ने एकता, फिटनेस और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश देते हुए 'जय हिन्द' के नारों से वातावरण को देशभक्ति से गुंजायमान किया। संपूर्ण आयोजन का सफल संचालन वॉइस ऑफ कॉन्स्टीट्यूशन के अध्यक्ष राकेश सिंह द्वारा किया गया, जिन्होंने प्रतिभागियों, स्वयंसेवकों, पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य सेवाओं तथा सहयोगी संस्थानों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शाहोथॉन 2025 केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि राष्ट्र चेतना और संवैधानिक मूल्यों को समाज में जीवंत करने का एक संकल्प है। हमारा उद्देश्य नागरिकों, विशेष रूप से युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ना है। इसके उपरांत पुरस्कार वितरण समारोह कँवर रवि चौहान, रवीन्द्रगढ़ गोठड़ा, जिला रेवाड़ी (हरियाणा) द्वारा संपन्न हुआ।